परमादरणीय श्रीनीलाम्बर शर्मा
महाभागानां शुभकरकमलयोः
सादरं समर्पयति
[signature] ११।८।९३

श्रीपरमात्मनेनमः

कैलाशवासि सन्तसम्राट् श्री पूर्णगिरि जी महाराज

स्मृतिकल्पलता

अंक—१

श्रीवैक्रम सं० २०५०

# ★ श्री पूर्णवैष्णवाऽऽर्योदय पुष्पांजलिः ★

卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐


प्रकाशक एवं वितरकः—

श्री गुरु पूर्णगिरिसंस्थान

श्री ऐरावती गंगा तटवर्ति

लखनपुर

( जम्मू प्रान्त )

मूल्य—भक्तिभाव से नित्य स्वाध्याय

१९९३ ई०

## श्रीपूर्णाऽऽविर्भावः

जम्बुप्रान्ते तविषि सरितः स्रोतसां कल्पमूले
गौरीकुण्डे हिमगिरिसुतास्नानपुण्योदकेषु ।
अत्रेर्वंशे परमतपसाराधानाद्यैश्च धन्ये
गण्ये मान्ये द्विजवरगृहे जन्मपूर्णं प्रभूणाम् ।

## श्रीपूर्णशिवसायुज्य प्राप्तिः

श्री) पूर्णात्मानो रसयुगनखे २०४६ वैक्रमे श्रावणे मा
गौरीकुण्डे पथिकसुखदं रम्यहर्म्यं विधाय ॥
कर्कस्थेऽर्के धवल दलभाक् पक्षतौ बुद्धवारे
योगेनान्त्ये जनुभुवि महादेवलोकं प्रपन्नाः ॥

॥ श्रीगणेशायनमः ॥

# श्रीपूर्णवैष्णवाऽऽर्योदय पुष्पाञ्जलिः ॥

## भारतीय कर्मकाण्डप्रथा की कसौटी का महत्व

अलौकिक प्रतिभाशाली महामनीषी महर्षियों ने अलौकिक वैदिक विज्ञानसागर को मन्थन कर जो ज्ञान प्राप्त किया। उस वेद को हमारे तक पहुंचाने वाली एकमात्र कर्मकाण्ड की परम्परा है। कर्मकाण्ड कायिक-वाचिक-मानसिक तीनों प्रकार के मलों को जड़ से उखाड़ने वाला एक मात्र साधन है। चित्त के विक्षेप को निर्मूलन समर्थ उपासनाकाण्ड का निदान भी कर्मकाण्ड ही है। चित्तपर छाये हुए आवरण को दूर करने वाले ज्ञानकाण्ड का बालोपदेश भी कर्मकाण्ड ही है। भगवान् श्रीकृष्ण के मुखारविन्द से निकले हुए वचनामृत के अनुसारः—

"नहि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् ।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः ॥"

कोई भी व्यक्ति क्यों न हो वह एक क्षणभर भी विनाकर्म किये नहीं रह सकता। क्योंकि प्राकृतगुणों के अधीन होकर प्रत्येक व्यक्ति को कर्म करने के लिये विबश होना पड़ता है। कर्मों की विवशता प्रकृति पर आधृत है प्रकृति को शास्त्रों में 'परा' कहा गया है अतः सन्त तुलसीदास जी के मतानुसार "पराधीन सपने हुं सुख नाहीं" अर्थात् प्रकृतिजन्य होने वाले कर्म स्वप्न में भी सुख नहीं दे सकते। अतएव महर्षिओं ने प्रातः जागने से रात के समय सोने तक शास्त्रोक्त कर्मकाण्ड के विधान निश्चित कर दिये हैं। उनके अनुसार चलने वाले व्यक्ति स्वतन्त्ररूप से कर्मकाण्ड में लगे रहें तो वे कभी भी बन्धनों में नहीं पड़ते ना ही दुःखों द्वारा जकड़े जाते हैं।

शास्त्रोक्त कर्मकाण्ड केवल भारतभूमि की उपज है। भारत भिन्न देशों में मानव दुर्वासनाओं के पुजारी बन कर अनुदिन दुर्वासनाराधन का ही प्रचार कर संसार भर को डुबोने की युक्तियों के अनुसन्धान में संलग्न हैं।

सर्वश्रीमहावीर, महात्माबुद्ध, ईसा, मूसा, मुहम्मद आदियों ने भी कर्मकाण्ड, मूर्तिपूजादि के विरुद्ध खुलकर प्रचार किया किन्तु उनकी चलाई संस्थाओं में सनातनधर्म से भी अधिक प्रतीकवाद स्वरूप जैनमन्दिर, बौद्धमन्दिर गिरिजाघर, चर्च, मस्जिदें आदि के रूप में दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। ये सभी वृहत्कर्मकाण्ड की ओर अनुदिन वृद्धिशील हैं अतः सिद्ध होता है, कि कर्मकाण्ड किया नहीं जाता, अपितु स्वयं हो जाता है। वही यदि शास्त्रोक्तपद्धति से गुरुमार्ग द्वारा किया जाए तो अद्‌भुत चमत्कारी एवं जगत् के लिए परमहितकारी रहेगा।

इस कर्मकाण्ड के उद्भव एवं विकास की ओर ध्यान दें तो शास्त्रिय मार्ग का आश्रय लेना पड़ेगा हमारे प्रत्येक कर्मकाण्ड के आदि में कलश को कर्मपात्र के रूप में प्रयुक्त किया जाता है और कलश की उत्पत्ति समुद्रमन्थन से प्रकट की गई है समुद्र मन्थन द्वारा भौगोलिक स्थान का ज्ञान इस प्रकार होगा कि समुद्रमन्थन का मन्थदण्ड मन्थर, मन्दर, मद्रसंज्ञक पर्वत को प्रयुक्त किया था उसे त्रिकूट मणिपर्वत के पर्याय से ग्रहण किया जाता है उस में "अधोमध्योर्ध्व" विष्णु भगवान् सम्भाले हुए हैं अतः वह "वैष्णवत्रिकूट-मणिपर्वत" मन्थन के रूप में आजभी अहोरात्र के प्रतिक्षण कर्मकाण्ड करने का सतत प्रचार अनादिकाल से करता आरहा है वह डुग्र देश की भूमि में स्वतः सम्भवी सदामुक्त द्वार, प्रतिक्षण कर्मकाण्ड की प्रतीक पूजा के अनन्तर जय जय कारों द्वारा गुंजायमान प्राकृत त्रिपिण्डी रूप में ब्रह्मा, विष्णु महेश्वर की तीनों शक्तिएं ब्राह्मी, वैष्णवी, माहेश्वरी के रूप में विराजमान हैं वहीं मन्दर कन्दर में सप्तर्षि कामधेनु आदि देवताओं के आकार प्राकृतरूप में साकार हैं। यह तीनों शक्तिएं समस्त विश्व की आकर्षक प्रतीत होती हैं।

डुग्रभूमि में डोगरा प्रान्त प्राचीन कर्मकाण्ड परम्परापों को आज भी यथावत् पालन करता आरहा है। यहीं बाणगङ्गा, बालगङ्गा,

चरणगङ्गा के रूप में आकाशगङ्गा त्रिधारा होकर वह रही है। डुगर, डुग्र, डोगरा, डोंगरा, डोगरी, डोंगरी शब्द पर व्याकरण आधार से विचार करें तो "डुकृञ् करणे" धातु से ही कर्ता, कर्म, करण, कारण, क्रिया आदि शब्द निष्पन्न होते हैं— डु कृ ञ् से डु और ञ् की इत्संज्ञा लोप किये जाते हैं तो 'कृ' शेष मूल धातु रह जाता है डु और उसके अनुबन्ध हैं डु प्रत्यय धातु के अर्थ में कृत्रिमता लाने के लिए प्रयुक्त है इस का लोप होते ही "ड्वितो क्त्रिः" सूत्रसे "त्रि" प्रत्यय के साथ ही "त्रेर्मप्" से "मप्" होकर कृत्रिम बनता है डोगरा शब्द में प्राकृत रूप में डु अनुबन्ध को नहीं त्यागा 'डु कृ' को स्वीकार किया एवं गृ घृ से बने गृ शब्दे, गृ निगरणे, गृ विज्ञाने इन धातुओं का कृ के स्थान में आदेश करके डुकृ, डुगृ, डुघृ, डुगृ से हो डुकृ डुकर, डोकरा डुग्र डोगरा, डुगर डोंगरी, डुघर, डोंघरा आदि शब्द बनते हैं डुकर डुक्र डोकरा, प्राचीन कर्मकाण्ड प्रिय, डुग्र, डोगरा डोगरी से सेचन, शब्द विज्ञाननिष्ठ, पर्वतप्रधान प्रकृति का सूचक है नेपाल में भी कृ के स्थान में गृ करने पर भी "गरना" करना अर्थ में ही रहता है जैसे नेपाली में "कि गर्नु छ ?" हिन्दी में "क्या कर रहे हो ?" अर्थ ही रहता है। उधर अंग्रेजी में इसी डु=Do को क्रियार्थक माना है, अतः डुग्र अर्थ सार्थक एवं संस्कार युक्त देश का एवं देशीय व्यक्ति का बोधक है डोंगरा, या डूंगडा, डूंगडी डोंगडी शब्द मथने के पात्र के लिये प्रयुक्त होता है अथवा डुगर्गरी, डोगर्गरी, शब्द से प्रतीत होता है यह समग्र डोगरा देश ही मन्थन पात्र और वैष्णव त्रिकूट मणिपर्वत ही 'मन्थ' मन्दराचल पर्वत है अतः भौगोलिक स्थिति से परीक्षण करें तो मं=५, थ=७ अंकानां वामतो गति न्याय से ७५° अंश "हरि ओमक नगरी[1]" से पूर्व रेखांश एवं डु=३, गृ=३,=३३° अंश नाडी वृत्त (विषुववृत्त) से उत्तर अक्षांश के सम्पात पर जो देश आए अर्थात् भूमध्यरेखा से उत्तर ३३° अक्षांश और याम्योत्तरगामिनी ग्रीनवीचीय भूमध्य रेखा से पूर्व ७५° पूर्वापरगामिनी रेखांश का सम्पात श्रीवैष्णव त्रिकूटमणिपर्वत पर ही आता है। वही समुद्र मन्थन प्रदेश है वही वैष्णव भूमि त्रिकूट पर्वत है जो "वैष्णव देवी मन्दिर" के नाम से विश्व प्रसिद्ध है। मन्थपात्र रूप (डोगरा देश) ही है कामधेनु और उच्चैःश्रवा की उत्पत्ति का

१. ग्रीनवीचनगरी।

स्थान सुरभिसर (सरुंहीसर) है वहां सरोवर और उसकी पूर्वभूमिका आकार गोखुर के आकार का है वहीं "घोड़ा कुप्पड़" रूप घोड़े के खुर के आकार का एक विशाल पर्वतखण्ड है। एवं कौस्तुभमणि तथा चन्द्रमा के निकलने का मूल स्थान मणिसर या मानससर है। एवं अन्यान्य प्रमाण भी उपस्थित किए जा सकते हैं जैसे त्रिकूट पर अग्निकुण्ड, सूर्यकुण्ड और चन्द्रकुण्ड हैं अमृत वितरण के समय सूर्यकुण्ड और चन्द्रकुण्ड के मध्य भैरवघाटी में आज भी राहुशीर्ष (भैरो का सिर) एव वैष्णव द्वार में केतु के रूप में राहु का कबन्ध 'भैरव का धड़' बताया जा रहा है। आद्याकुमारी के स्थान में लक्ष्मी का उद्भव स्थान प्रत्यक्ष है हाथी मत्था ऐरावत का प्रतीक सर्वविदित है ही। "आर्यावर्त" की मौलिक स्थिति का द्योतक आर्यश्रीनगर (रियासी नगर) आज भी डोगरे देश में आर्यों के श्रीगणेश की ऐतिहासिक प्राचीनता को प्रकट करता आ रहा है। अतः यही समुद्र मन्थन प्रदेश शास्त्रिय लक्षणों द्वारा सिद्ध होता है मन्दर कन्दर के अन्दर प्राकृतरूप से चतुर्दश रत्न बने हुए दृग्गोचर होते हुए शास्त्र प्रमाणों के साक्षी हैं। "श्रीपूर्णवैष्णवार्योदय पुष्पाञ्जलिः" जैसे प्रस्तुत लघुकाय ग्रन्थ में वैष्णवदेवी सहस्रनाम पूजाविधि सहित ५७ संख्यक शार्दूल विक्रीडित छन्दों में प्रस्तुत किया गया है। शार्दूल विक्रीडित छन्द में १९ अक्षर एक पाद में होते हैं चारों पादों में १९×४=७६ अक्षर एवं ७६×५७ श्लोकों में ४३३२ अक्षर बृहस्पति कक्षा वृत्तमें एक बार भ्रमण करने की दिवस संख्या ४३३२ को प्रकट करते हैं। एक वार पाठमात्र में ४३३२ दिनों के पाठ का महत्व प्राप्त होता है।

भारतीय सनातनधर्म का समग्र कर्मकाण्ड आकाशीय सूर्यचन्द्रादि ग्रहों की गतिविधि पर आधृत है यहां शास्त्रविरुद्ध मनमानी को स्वीकार नहीं किया जाता। जैसे सूर्यचन्द्र और भूमि एक सीध पर हों तो अमावस्या मानी जाती है फिर चन्द्रमा सूर्य से १२°-१२° अंश पर एक-एक तिथि बनाता जाता है पञ्चमी के दिन ६०° अंश में दो राशि तथा पञ्चमी तिथि दोनों की पूर्ति होती है एवं १८०° अंश पर छः राशि और पूर्णिमा तिथि की पूर्ति में षोडशीकला का आरम्भ माना जाता है इसी प्रकार २४०° पर आठ राशि और कृष्ण पञ्चमी, ३००° अंश पर १० राशि और कृष्ण दशमी, ३६०° अंश

कर सूर्य और पृथ्वी के मध्य में चन्द्रमा एक सीध पर आकर चक्रपूरा कर लेता है यहां भूः=अग्नि भुवः=चन्द्रमा (वायु) एवं स्वः=सूर्यनारायण तीनों व्याहृतियों के स्वरूप हैं पृथ्वी (अग्निः) की १० कला, सूर्य १२ कला, और चन्द्रमा की १६ कला भारतीय निगमागम में स्वीकार किया है। तीनों का योग १०+१२+१६=३८ कला हो जाती हैं। अतः पञ्चमी से पंचोपचार, दशमी से १० दशोपचार, षोडशी से षोडश १६ उपचार और ३८ से अष्ट-त्रिंशोपचार ही शास्त्र सम्मत है। १६ षोडशी का आधे पर अष्टोपचार षोडशी को द्विगुणाकर ३२ उपचार भी शास्त्र सम्मत हैं। शेष शतोपचार, सहस्रोपचार, लक्षोपचार आदि राजोपचार महाराजोपचार, महाराजाधिराजो-पचार के रूप में भी प्रयुक्त किये जाते हैं। सभी उपचारों में सूर्यचन्द्र के प्रभाव से विशेष गुण सम्पन्न वस्तुओं की ही भूमि में उत्पत्ति के आधार पर सभी उपचारों का प्रयोग किया जाता है। यही गण्डतिथि स्थावर जंगम संसार के लिये घातक मानी जाती हैं। इनमें उत्पन्न उपद्रवों को शान्त करने के लिये देवताओं की पूजा के व्याज (बहाने) से आत्मकुटुम्बरक्षार्थं उपचारों की रचना की गयी है।

प्रतिपदा से अमावास्यातक सभी तिथिएं नक्षत्र, योग, करणादि सभी में व्रत मुहूर्तादि आकाशीय ज्योतिष्पिण्डों के आधार पर वैदिक विज्ञान सम्मत हैं। जन्म से मरणदिन से ११, १३, १६, ३० दिन सूतक पातकादि का विधान भी वैदिक विज्ञानपर निर्भर है।

तिथियों की वृद्धि और ह्रास दोनों आकाशीय ज्योतिष्पिण्डों के आधारपर होते हैं उनमें वृद्धिक्रम एकोत्तर वृद्धि से चलकर दसदिन तक चलता है उस गतिवृद्धि में ह्रास होता जाता है जैसे पहले दिन एक घटी, दूसरे दिन दो घटी, तीसरे दिन तीन घटी, इसी प्रकार दशम दिन १० घटी तक वृद्धि होती है एकोत्तर वृद्धि गणनाक्रम से दशमें दिन के वाद ग्यारहवें दिन ग्यारह घटी वृद्धि न होकर १० घटी ही वृद्धि होती है दशमें दिन तक ५५ घटी होती है ११वें दिन ५५+१०=६५ घटी होती है अतः एकादशी तिथि की वृद्धि ह्रास होने से नरकादि में पतन के भय से एकादशी में व्रत, उद्यापन, दान, पुण्यादि से ऊर्ध्वगति प्राप्त होती है। अतः दशम दिन तक ही ब्राह्मण,

क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र के सूतक और पातक की अवधि मानी जाती है अतः दशम दिन में सूतक, पातकोत्तर प्रायश्चित्तस्नानादि विहित हैं। ब्राह्मण को ११वें या बारहवें दिन, क्षत्रिय को १३वें, वैश्य को १६ या १७वें दिन जातक का नामकरण और मृतक की नारायणबलि और्ध्वदैहिक क्रियादि विहित है। जातक के नामकरण संस्कार से आयुष्य वृद्धि एवं मृतक की और्ध्वदैहिक क्रिया उसकी नरक पतनादि से सुरक्षा और स्वर्गादि का द्वार खुलजाता है।

३६० अंशात्मक सौर वर्ष में ३६५.२५६३६२८ दिनात्मक सावन सौर वर्ष होता है। इतने समय में ३७१.०६२३६०५ दिनात्मक चान्द्रवर्ष माना जाता है जिसमें ५.८०६०२८०७ दिन क्षय हो जाते हैं। अतः ३६५.२५६३६२८÷३=१२१.७५२१२०६ सौर वर्ष के त्रिभाग का मूल लिया तो $\sqrt{१२१.७५२१२०६}$=११.०३४१३४३५ यह संख्या सौर वर्ष का ३३.१०२४०३०७वां भाग समझें स्वल्पान्तर से सौर वर्ष में प्रायः ३३ संख्या प्रायः ११ बार सम्पन्न होती है एवं ११ संख्या ३३ बार प्रयुक्त होती है अतः ११ या १२वें दिन ब्राह्मण के सूतकोत्तर या पातकोत्तर कृत्य विहित हैं। इसी अर्थ का प्रतिपादक आरती मन्त्र वेदों में उपलब्ध होता है।

ॐ ये देवासो दिव्येकादशस्थ पृथिव्यामध्येकादशस्थ ।
अप्सुक्षितो महिनैकादशस्थ ते देवासो यज्ञमिमं जुषध्वम् ॥

भू. चन्द्र. सूर्य का सम्बन्ध देवता लोगों की आरती उतारता हुआ ११ दिन भूलोक में फिर ११ दिन अन्तरिक्ष में और फिर ११ दिन दिव्यलोक में देवताओं को प्रसन्न करता है इसी प्रकार एक सौर वर्ष में ३३-३३ दिन की ११ आरती उतारता रहता है। अत वैदिक आरती के तीनों मन्त्रों का यही रहस्य है।

## ग्रहजातक

ग्रहजातक भी महत्वशील तत्व है। इससे तिथिनक्षत्र के योग से सूर्यादि का विशेष प्रभाव उत्पन्न होता है उस समय किसी भी विवाह, विद्या, कृषि, प्रवेश, निर्गम, वस्त्र, प्रतिष्ठा, यज्ञोपवीत, गुरुदीक्षा, व्यापार, मुकद्दमा,

नौकरी आदि में नितान्त असफलता का अनुभव होता है। १. सूर्यजातक— दशमीतिथि भरणीनक्षत्र का योग। २. चन्द्रजातक— त्रयोदशी व चतुर्दशी चित्रायोग। ३. भौमजातक— दशमी उत्तराषाढायोग। ४. बुधजातक— नवमी धनिष्ठायोग। ५. गुरुजातक—एकादशी उत्तराफाल्गुनीयोग। ६. शुक्रजातक—नवमी ज्येष्ठायोग। ७. शनिजातक—अष्टमी रेवतीयोग (किन्तु सौराष्ट्र, महाराष्ट्र में वैशाख कृष्णअमा एवं उत्तर भारत में ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को शनिजयन्ती लगाई जाती है अतः अमावस्या कृत्तिका योग जाने)। ८. राहुजातक— पूर्णिमा भरणीयोग। ९. केतुजातक— अमावस्या आश्लेषायोग। इसी प्रकार का एक और योग भी सन्तान जन्म में घोर उपद्रवकारी देखा गया है—

घोरसंकटकारी योग—

रवि शनि मंगल तीनों रेखा, अश्विनी भरणी अश्लेषा।
आप मरे औरों को मारे, आसपास के घर उजाड़े॥

नामधारे तो पण्डित मारे, विवाह समय मण्डप जल जावे।
इस की शान्ति शीघ्र करावे, नहीं तो घर से बहिर भगावे॥

उक्तवारों व नक्षत्रों के योग आने पर नक्षत्राधीश एवं वाराधीश देवता का जप और गण्डमूल शान्तिवत् समग्रकृत्य अनिवार्य हैं।

भगवन्नाम महिमा का भी शास्त्रों में अद्भुत वर्णन आता है। उसके बिना सर्वशास्त्रज्ञ होने पर भी मनुष्य को प्रेत, पिशाच या ब्रह्म राक्षसादि योनियों में भटकना पड़ता है। इस जप रहस्य द्वारा सन्त लोग अनधीत होने पर भी मुक्त हो गये हैं। सन्तमत राधास्वामी पथ प्रवर्त कभी लिखते हैं कि—

कबीरा धारा अगम की सद्गुर देई लखाय।
ताहो को उलटा करी जपे स्वामी संग मिलाय॥

धारा का उलटा राधा के साथ स्वामी शब्द जोडकर जप का विधान सन्त कबीर की वाणी से उद्धृत है।

सिक्ख (शिष्य) सम्प्रदाय प्रवर्तक सन्त शिरोमणि गुरु नानकदेव जी भी भगवन्नाम महिमा गाते-गाते नहीं अघाते। अपने ग्रन्थ में भगवान् की अनन्त नामावली प्रस्तुत की है। उनके अनुयायी सन्तो ने गुरु शब्द के उच्चारण को व्याकरण के आधार पर हे गुरो ! हे गुरू ! हे गुरवः ! से बहुवचन को लेकर दशगुरुओं को समक्ष रखकर दसवार उच्चारण किया तो "वाहेगुर" मन्त्र अपने आप प्रकट होकर शिष्य सम्प्रदाय के जपमहत्व को परमगति का सूचक है। भगवन्नाम महिमा में मनमाना अर्थ करना भी प्रमाद है उसके फलस्वरूप पाणिनि, पतञ्जलि, पिङ्गल जैसे महर्षियों और भट्टोजिदीक्षित जैसे उद्भट पण्डितों को भी पशुओं या जलचरों द्वारा मर कर पैशाचिक योनियों के बन्धन में पड़कर यमयातना भुगतनी पड़ती है।

"तस्यपरमाम्रेडितम्" यहां आम्रेडित का अर्थ वैयाकरण लोग "म्र ृ उन्मादे" आङ्+म्रेडितम् उन्मादरोगवश दो से अधिक वार किसी शब्द का उचारण किया जाए उसकी आम्रेडित संज्ञा होती है। ऐसा अर्थ करने से कुछ वैयाकरण पण्डितों को पिशाच बनना पड़ा ऐसा लोक प्रवाद है। वास्तव में इसका अर्थ है "आम्र इव ईडितम्" आम्र फलास्वादनमिव मुखे बाह्याभ्यन्तरी कृत्य समभ्यस्तं आम्रेडितसंज्ञं भवति। अमातिथिः, आम्र वृक्षः, वसंतऋतुः पुंस्कोकिलः इतिचतुर्णां संयोग एव पुंस्कोकिलः कुहूकुहू शब्दंसमुच्चारयति इसमर्म को संस्कृतसाहित्यमर्मज्ञ, रामरसायनमर्मज्ञ, तिथितत्ववेता देवज्ञ या साक्षात् शुक्राचार्य हो जान सकता है। आम्र शब्द का शीघ्रातिशिघ्र उचारण करने से ही "वाल्मीकि भये ब्रह्मसमाना" ऐसा संत चक्रचूडामणि तुलसीदास का मत है। अब भी उच्चारण करते २ स्वयं ही आम्र आम्रशब्द राम राम के रूप में परिणत हो जाता है।

इस "श्रीपूर्णवैष्णवाऽऽर्योदय पुष्पाञ्जलि" में मानवमात्र की आध्यात्मिक उन्नति के लिए समस्त विषयों को पांच भागों में विभक्त किया गया है। सर्वप्रथम भूमिका में कर्मकाण्ड की विशेषता एवं उससे आत्मोन्नति की अनिवार्यता प्रकट की गई है। ग्रन्थारम्भ के मुखपृष्ठ में गुरुदेव जी का चित्र, उनकी प्रशस्ति एवं हिन्दी में संक्षिप्त परिचय भी दिया गया है। ग्रन्थारम्भ श्रीगणेश, गुरु, दत्तात्रेयस्तुति, शिवस्तुति परक पञ्चाक्षर, महिम्न,

शिवतत्त्व एवं दत्तात्रेय जी के २४ गुरुओं की परिचिति प्रथम भाग में प्रस्तुत है। प्रातः ब्राह्ममुहूर्त में उठना, नित्यकृत्य, स्नान, त्रिकालसन्ध्या, तर्पण, बैष्णोपनिषद्, संक्षिप्त पूजा, श्रीकृष्ण पूजा, कलशस्थापन पूर्वक गणेशपूजा, माला द्वारा जपविधि, बैष्णवी सहस्रनाममाला, शिवार्चनविधि, मुख्य देवताओं के स्तोत्र, संकल्प में तिथि, वासादि का अंग्रेजी तारीख से ज्ञान, परदेवी सूक्त, हनुमत् स्तोत्र कुशकण्डिका होमपर्यन्त द्वितीय भाग में प्रस्तुत है। आरती परिचय एवं उपयोगी आरतिएं एवं वन्दनाएं। डोगरीके प्रसिद्धकवि दत्तदेव का कमलनेत्रस्तोत्र भगवन्नाम का महत्त्व उपनिषदों के प्रमाणों द्वारा सिद्ध रामनाम की महिमा पर्यन्त चतुर्थभाग में प्रतिपादित है। षडक्षर राममन्त्र विधान, गायत्री रामायण, वैदिक रामायण, आदित्यहृदय (वाल्मीकि) एक श्लोकी रामायण, भागवत, महाभारत, दुर्गा ग्रहजातक एवं शिवजी की आरती और गुरु जी के शिवसारूप्यमोक्षपर्यन्त विषय पञ्चम भाग में प्रस्तुत हैं। इस से स्वामी १०८ श्रीपूर्णगिरि जी महाराज के शिष्यवर्ग में अवश्य भक्तिरस का सञ्चार होगा। ऐसे सन्त सम्राट् कभी शरीर छोड़ भी दें तो वे आत्मरूप से सर्वव्यापक होते के कारण अपने शिष्यों के हृदय में जागरूकता एवं प्रभु भक्ति रसायन का सञ्चार करते ही रहते हैं। वे अपने बनाये हुए मन्दिर यज्ञशाला आदियों में अवश्य विद्यमान रहते हैं। गुरु शब्द सुनते ही शिष्य के हृदय में नवीन चेतना का उदय हो जाता। मनुष्य को श्रद्धा एवं भक्ति से कुछ न कुछ अवश्य करना चाहिए अन्यथा कुमार्ग में जान देनी पड़ती है।

## स्वामी १०८ श्रीपूर्णगिरि महाराज जी का संक्षिप्त परिचय।

जगज्जननी भगवती श्री गौरी जी की परमपावन तपोवन गौरीकुण्ड जो आज भी शुद्धमहादेव के शुद्धिक्षेत्र में विद्यमान है वहां श्रीलालजीगिरि के घर में जन्म लेकर छोटी आयु में ही भगवच्चिन्तन में मग्न रहते थे १९ वर्ष की आयु में सेना में भरती होकर भगवद् भजन एवं निःशुल्क रोगी सेवार्थ अचूक चिकित्सा के करने में निपुण रहे सेवानिवृत्त होकर जूनागढ संन्यासी अखाड़ा से दीक्षित होकर अखण्ड ब्रह्मचारी रहकर बनी (चम्यालय), कुकुराला, माड़ा, सुन्दरीकोट, महानपुर भूंडे, भड्डू, फिनेतर, कोध, ब्रह्म।

कलवाल, छन्न रोडेयां मुट्ठीनारन आदि स्थानों को तीर्थरूप में परिणत करने के लिये अनेक प्रकार के यज्ञ करते कराते, देवी देवताओं के मन्दिर निर्माण के साथ २ ही भूले भटके लोगों को मार्ग दिखाते एवं उन के जीवन का उद्धार करते हुए लखनपुर में ऐरावती नदी के तट पर समस्तकिले का सुधार कर वहां शंकराचार्य का मन्दिर बनाकर किले के बाहिरी भाग में एक विशाल यज्ञशाला (पञ्चकुण्डी) के साथ भोजनशाला आदि का प्रबन्ध करने के पश्चात् १९८७ ई० में गौरीकुण्ड पहुंच कर वहां के मन्दिरों का जीर्णोद्धार एवं यात्रियों के निवासार्थ विशाल भवन निर्माण कर अनन्त शिष्यों के हृदय सम्राट सिद्ध परिव्राट् वैक्रम संवत् २०४६ श्रावण कृष्ण अमावस्या के पर्व पर पुनः गौरीकुण्ड पहुंच कर श्रावण शुक्ला प्रतिपदा बुधवार ( २ अगस्त १९८९ ई०) प्रातः सूर्योदय जैसे पुण्य समय समाधि में स्थित हो कैलाशाधीश महादेव के रूप में सारूप्यमोक्षभाव को प्राप्त हुए। उन्हीं की सत्प्रेरणा से अंतिम निर्वाणात्मक पुण्यश्लोक लिखा गया है। ऐसे महात्माओं के दर्शन, स्मरण एवं ध्यान द्वारा भी सभी मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं

व्यास (गुरु) पूर्णिमा पर्वोत्सव — विदुषां वशंवदः—
वैक्रम सं० २०५० शनिवार — विहारीलाल शर्म वासिष्ठ
आषाढ प्र० २० (३।७।९३) — श्री रणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ
२३, श्री रघुनाथपुरी जम्मू (तविषी) — शास्त्रीनगर जम्मू (तविषी)

卐 ॐ श्रीगणेशाय नमः 卐

# श्रीपूर्णवैष्णवाऽऽर्योदय पुष्पाञ्जलिस्थ विषय सूचिका

| विषय | पृष्ठ सं० |
|---|---|


भाग—४



| विषय | पृष्ठ सं० |
|---|---|


भाग—५

## स्व० स्वामि श्री १०८ पूर्णगिरि गुरु प्रशस्तिः

जम्बुप्रान्ते तविषि सरितः स्रोतसां कल्पमूले
गौरीकुण्डे हिमगिरि सुतास्नान पुण्योदकेषु ।
शुद्धिक्षेत्रे जगति विदिते गोमुखीवाद्वितीये
गङ्गाद्वारे भुवनमहिते धूर्जटेः काशीकूटे ।१।

जाताऽत्रैव प्रवरसरितां देविका ब्रह्मसूत्रं
त्रैधावृत्वा तविषिसरितं दक्षवामभ्रमन्ती ।
उत्त्रैवेण्यामुधमपुर भू मण्डले जन्दराहे
गुप्ता साक्षाद्भवति नियतं भूतलं पावयन्ती ।२।

अत्रेर्वंशे परमतपसाराधानाद्यैश्च धन्ये
गण्ये मान्ये द्विजवरगृहे जन्मपूर्णं प्रभूणाम्
वाल्येऽपी मे सकल कृतिषु कौशलं दर्शमाना
भृत्ये कृत्ये ऽप्यधिकनिपुणाः सैनिकेष्वग्रगण्याः ।३।

भृत्यन्तेऽमी यतिवरगणे पूजनीयेषु पूज्याः
भूंढेवन्यां फणिधरपुरे कौघभड्डू मुनीशे
सुन्द्रीकोटे किशनपुरके सुःकरालालयेऽर्च्ये
साडा विश्वस्थलिपुरवरे सान्द्रिहट्टें च थें च ।४।

प्लेसक्षेत्रे लखनपुरभू भद्रबाहुपुराख्ये
कल्पालाख्ये नरनमुठिके छन्निनाम्नीह धाम्नि

देवीदेव प्रतिमभवनानीह निर्मापयन्तः
यज्ञैर्यागैरनुदिनममी वेदिपूजानुसारम् ।५।

पौनः पुन्यं लखनपुरगा यज्ञशिक्षार्थमेते
रम्यं हर्म्यं सशिवशिवा शंकराचार्य सध्यम् ।
ऐरावत्या महितपुलिने यज्ञशालां विशालां
पञ्चप्रख्यैरचलनवलैः कुण्डकैः शोभमानाम् ।६।

वेदीमेकांस्थपति रचितां दूरतो दीप्यमानां
निर्माप्याशु क्रतुवर हितं सेवकैः शिष्यवर्य्यैः
युक्तामुक्ता अपि च जगतां धन्यमान्या वदान्या
मर्यादाया ह्यचल द्रढ़िमां शिक्षणार्थं प्रसक्ताः ॥

श्रीगणेशायनमः

## श्रीगणेशवन्दना

गलद्दानगण्डं मृलद्भृङ्गषण्डं
चलच्चारुतुण्डं जगत्प्राणिशौण्डम्
कनद्दंतकण्डं विपद्भंगचण्डं
शिवत्प्रेमपिण्डं भजे वक्रतुण्डम् ॥

## गुरुवन्दना

अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम् ।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुर्गुरुर्देवो महेश्वरः ।
गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥

ध्यानमूलं गुरोर्मूर्तिः पूजामूलं गुरोः पदम् ।
मन्त्रमूलं गुरोर्वाक्यं मोक्षमूलं गुरोः कृपा ॥

नाना सुगन्ध पुष्पाणि यथाकालोद्भवानि च ।
पुष्पाञ्जलिर्मयादत्तो गृहाण परमेश्वर ॥

# ॐ श्रीगुरुदत्तात्रेयाष्टकः

हरिः ॐ गुरुजी दिगम्बर, दत्तजी दिगम्बर, अलखजी दिगम्बर, स्वामीजी दिगम्बर, चढ़ावें खाकम्बर, पहिने पीताम्बर, बिछि है बाघम्बर, कानों में कुण्डल, हाथ कमण्डल, चरण खड़ाऊँ, गुरुजी तले है धरती, गुरु ऊपर अम्बर, परमहंस महामुनी । श्री सती अनुसुया माता जी के खेलन नन्दन, चढ़त चन्दन, झूलत नन्दन, दर्शन देओ श्रीगुरुदेवदत्त दिगम्बरम् । टेक० ॥

हरि ॐ गुरु जी पूर्व दिशा में गुरुजी प्रकट भये, दत्तजी प्रकट भये, अलख जी प्रकट भये, स्वामी जी प्रकट भये, श्री वेदपूजा पुजावितम्, श्रीवेदपूजाकि अधिक महिमा, गुरु सरस लीला हो दर्शन देओ श्रीगुरुदेवदत्त दिगम्बरम् ।१।

हरिः ॐ गुरु जी दक्षिणदिशा में गुरुजी प्रकट भये, दत्तजी प्रकट भये, अलख जी प्रकट भये, स्वामी जी प्रकट भये, श्री दण्ड कमण्डलु पुजावितम्, श्रीदण्डकमण्डल की अधिक महिमा गुरु सरस लीला हो, दर्शन देओ श्रीगुरुदेवदत्त दिगम्बरम् ।२।

हरि ॐ गुरु जी पश्चिम दिशा में गुरुजी प्रकट भये, दत्त जी प्रकट भये, अलख जी प्रकट भये, श्री गोला-ठुमरा पुजावितम् श्रीगोलाठुमरा कि अधिक महिमा, गुरु सरस लीला हो, दर्शन देओ, श्रीगुरुदेवदत्त दिगम्बरम् ।३।

हरि ॐ गुरु जी उत्तर दिशा में गुरु जी प्रकट भये, दत्तजी प्रकट भये, अलखजी प्रकट भये, स्वामी जी प्रकट भये, श्री धूनि-

ाउड़ी पुजावितम्, श्रीशीशमुकुट की अधिक महिमा, गुरु सरस ीला हो, दर्शन देओ श्रीगुरुदेवदत्त दिगम्बरम् ।४।

हरि ॐ गुरु जी आकाशलोक में गुरुजी प्रकट भये, दत्तजी ।कट भये, अलखजी प्रकट भये, स्वामी प्रकट भये, श्री शीश ुकुट पुजावितम्, श्रीशीशमुकुट की अधिक महिमा, गुरु सरस ीला हो, दर्शन देओ श्रीगुरुदेवदत्त दिगम्बरम् ।५।

हरि ॐ गुरुजी मृत्युमण्डल में गुरुजी प्रकट भये, दत्तजी ।कट भये, अलखजी प्रकट भये, स्वामीजी प्रकट भये, श्री कोटि लिङ्ग पुजावितम, श्रीकोटिलिङ्ग की अधिक महिमा, गुरु सरस ीला हो, दर्शन देओ श्रीगुरुदेवदत्त दिगम्बरम् ।६।

हरि ॐ गुरु जी पाताललोक में प्रकट भये, दत्त जी प्रकट भये, अलख जी प्रकट भये, स्वामी जी प्रकट भये, श्री चरण - पादुका पुजावितम्, श्रीचरणपादुका की अधिक महिमा, गुरु सरस लीला हो, दर्शन देओ श्रीगुरुदेवदत्त दिगम्बरम् ।

हरिः ॐ गुरुजी दिगम्बर, दत्त जी दिगम्बर, अलख जी दिगम्बर, स्वामी जी दिगम्वर, चढ़ावें खाकम्बर, पहिनें पीताम्बर, बिछि है बाघम्बर, कानों में कुण्डल, हाथ कमण्डल, चरण खड़ाऊँ, गुरुजी तले है धरती, गुरु ऊपर अम्बर, वरमहंस महासुनी, श्रीमती असुइया माता जी के खेलत नन्दन, चढ़त चन्दन, झूलत नन्दन, दर्शन देओ श्रीगुरुदेवदत्त दिगम्बरम् । टेक ।

## (श्री गुरु पदाश्रय प्रार्थना)

कर्पूरगौरं करुणावतारं संसारसारं भुजगेन्द्रहारम् ।
सदा वसन्तं हृदयारविन्दे भवं भवानीसहितं नमामि ।१।

मन्दारमालाकुलितालकायै
कपालमालाङ्कितकन्धराय ।
दिव्याम्बरायै च दिगम्बराये
नमः शिवायै च नमः शिवायः ।२।

श्री अखण्डानन्दबोधाय शोकसन्तापहारिणे ।
सच्चिदानन्दरूपाय शङ्कराय नमो नमः ।३।

## अथ शिव-पञ्चाक्षर-स्तोत्रम्

नागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय
भस्माङ्गरागाय महेश्वराय ।
दिव्याय देवाय दिगम्बराय
तस्मै 'न' काराय नमः शिवाय ।१।

मातङ्गचर्माम्बरभूषणाय
समस्तगीर्वाणगणार्चिताय ।
त्रैलोक्यनाथाय त्रिपुरान्तकाय
तस्मै 'म' काराय नमः शिवाय ।२।

शिवामुखाम्भोजविकासनाय
दक्षस्य यज्ञस्य विध्वंसनाय ।
चन्द्रार्कवैश्वानरलोचनाय
तस्मै 'शि' काराय नमः शिवाय ।३।

वसिष्ठकुम्भोद्भगौतमार्य-
मुनीन्द्र वंद्याय गिरीश्वराय ।
श्रीनीलकण्ठाय वृषभध्वजाय
तस्मै 'व' काराय नमः शिवाय ।४।

यक्षस्वरूपाय जटाधराय
पिनाकहस्ताय सनातनाय ।
नित्याय शुद्धाय निरञ्जनाय
तस्मै 'य' काराय नमः शिवाय ।५।

शिवपञ्चाक्षरिमिदं पुण्यं यः पठेच्छिवसन्निधौ ।
शिवलोकमवाप्नोति शिवेन सह मोदते ।६।
इति पञ्चाक्षरस्तोत्र सम्पूर्णम् ।

## अथ शिववन्दना

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुर्गुरुर्देवो महेश्वरः ।
गुरः साक्षाति् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः ।।
ध्यानमूलं गुरोर्मूर्तिः पूजामूलं गुरोपदम् ।
मन्त्रमूलं गुरोर्वाक्यं पूजामूलं गुरोः कृपाः ।।

अखण्ड मण्लाकारं व्याप्तं येन चराचरम् ।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरुवे नमः ।।

आकाशात्पतितं तोयं यथा गच्छति सागरम् ।
सर्वदेव नमस्कारं केशवं प्रति गच्छति ।।

केशवं क्लेशनाशाय दुःखनाशाय माधवम् ।
श्रीहरिः पापनाशाय गोविन्दं मोक्षदायकम् ।।

मन्त्र सत्यं पूजनं च सत्यं देव निरंजनम् ।
गुरुर्वाक्यं सदा सत्यं सत्यमेकं पवं पदम् ।।

अन्यथा शरणं नास्ति त्वमेव शरणं मम ।
तस्मात्मात्कारुण्यभावेन रक्ष रक्ष महेश्वरः ।।

प्रातःकाले शिवं दृष्ट्वा निशापापं विनश्यति ।
आजन्नकृतमध्याह्ने सायाह्ने सप्त जन्मनि ।।

मेरुकाञ्चनदानानां गवां कोटिशतैरपि ।
पञ्चकोटि तुरङ्गानां तत्फलं शिवदर्शनात ।।

हरि ॐ त्वमेव माता च पिता त्वमेव त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव ।
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव त्वमेव सर्वं मम देवदेव ।।

माला कमण्डलु लसत् कर पक्ष युग्मे ।
मध्यस्थ पाणि युगले डमरु त्रिशूलौ ।।

यस्योर्ध्वपाणिपटले शुभ शंख चक्रः ।
वंदेऽदितित्रिवरद भुजषट्क युक्तम् ।।

आकाशे कारिकालिङ्गं पाताले बटुकेश्वरम् ।

मृत्युलोके महाकालं सर्वलिङ्गं नमोऽस्तुते ॥

जटाधरं पाण्डुरङ्गं शूलहस्तं दयानिधिम् ।
सर्वरोगहरं देवं दत्तात्रेयमहं भजे ॥

नाना सुगन्धि पुष्पाणि यथाकालोद्भवानि च ।
पुष्पाञ्जलिर्मया दत्तो गृहाण परमेश्वर ॥

## अथ शिवमहिम्नःस्तोत्रस्य पूर्वपीठिका

गजाननं भूतगणाधिसेवितं कपित्थजम्बूफलचारुभक्षणम् ।
उमासुतं शोकविनाशकारकं नमामि विघ्नेश्वरपादपङ्कजम् ॥

### अन्धक उवाच

कृत्स्नस्य योऽस्यजगतः सचराचरस्य,
कर्ताकृतस्य च तथा सुखदुःखदाता ।
संसारहेतुरपि यः पुनरन्तकाले,
तं शङ्करं शरणदं शरणं व्रजामि ।१।

यं योगिनो विगत मोहतमो रजस्का,
भक्त्येकतानमनसो विनिवृत्तकामाः ।
ध्यायन्ति येऽखिलधियोऽमितदिव्यमूर्तिं,
तं शङ्करं शरणद शरणं व्रजामि ।२।

यश्चन्द्रखण्डममलं विलसन्मयूखं,
बद्धा सदा सुरसरिच्छिरसा बिभाति ।

यस्यार्धदेहभयजाद्   गिरिराजपुत्रीं,
तं शङ्करं शरणदं शरणं व्रजामि ।३।

यः, सिद्धचारणनिषेवित पादपद्मो,
गङ्गामहोर्मिविषमां गगनात् पतन्तीम् ।
मूर्ध्नादधे सजननीं त्रिजगत् पुनन्तीम्,
तं शङ्करं शरणदं शरणं व्रजामि ।४।

कैलाश शैलशिखरं प्रविकम्प्यमानम्,
कैलाश शृङ्ग सदृशेन दशाननेन ।
यः पादपद्मपरिपीडन - सेव्यमानं,
तं शङ्करं शरणदं शरणं व्रजामि ।५।

यक्षाध्वरे च नयने च तथा भगस्य,
पूष्णस्तथा दशनपंक्तिमशातयद्यः ।
व्यष्टम्भयत्कुलिशहस्तमहेन्द्रमीश,
तं शङ्करं शरणदं शरणं व्रजामि ।६।

येनासकृदितिसुताश्च दनोः सुताश्च,
विद्याधरोरगगणाश्च वरैः समग्रैः ।
संयोजिता मुनि वराः फलमूलभक्षा-
स्तं शङ्करं शरणदं शरणं व्रजामि ।७।

एवं कृतेऽपि विषयेष्वपि सक्तभावा,
ज्ञानेन च श्रुतिगणैरपि तेन युक्ताः ।

यं संश्रिताः सुखभुजः पुरुषा भवन्ति,
तं शङ्कर शरणदं शरणं व्रजामि ।८।

ब्रह्मेन्द्रविष्णुमरुतां च सषण्मुखानां,
योऽदाद्वरान्सुबहुशो भगवान्महेशः ।

सूतं च मृत्युवदनात् पुनरुज्जहार,
तं शङ्करं शरणदं शरणं व्रजामि ।९।

आराधितस्तु तपसां हिमवन्निकुञ्जे,
धूम्रव्रतेन तपसा च परैरगम्यः ।

संजीवनीं समददाद् भृगवे महात्मा,
तं शङ्करं शरणदं शरणं व्रजामि ।१०।

क्रीड़ार्थमेव भगवान्भुवनानि सप्त,
नानानदीविहगपादपमण्डितानि ।

सब्रह्मकानि ससृजे सुकृताभिधानि,
तं शङ्करं शरणदं शरणं व्रजामि ।११।

यः सव्यपाणि कमलाग्र नखेन देव-
सा पञ्चमं प्रसभमेव करालरन्ध्रम् ।

ब्रह्मा शिरस्तरणि पद्मनिभं च कर्ता,
तं शङ्करं शरणदं शरणं व्रजामि ।१२।

यः पठेत् स्तुतिमिवां शुचिकर्मा,
यः शृणोति सततं शिव भक्तः ।

विप्रः संसदि सदा शुभकर्मा,

सः प्रयाति शिवलोकमखडम् ।१३।

इति शि० म० स्तोत्रस्य पूर्वपीठिका सम्पूर्णा

## अथ शिवमहिम्नःस्तोत्रप्रारम्भः

### पुष्पदन्त उवाच

महिम्नः पारं ते परमविदुषो यद्यसदृशी
स्तुतिर्ब्रह्मादीनामपि तदवसन्नास्त्वयि गिरः ।

अथावाच्यः सर्वः स्वमतिपरिणामावधि गृणन्
ममाप्येष स्तोत्रे हर निरपवादः परिकरः ।१।

अतीतः पन्थानं तव च महिमा वाङ्मनसयो-
रतद्व्यावृत्त्या यं चकितमभिधत्ते श्रुतिरपि ।

स कस्य स्तोतव्यः कतिविधगुणः कस्य विषयः
पदे त्वर्वाचीने पतति न मनः कस्य न वचः ।२।

मधुस्फीता वाचः परमममृतं निर्मितवत-
स्तव ब्रह्मन् ! किं वागपि सुरगुरोर्विस्मयपदम् ।

मम त्वेतां वाणीं गुणकथनपुण्येन भवतः
पुनामीत्यर्थेऽस्मिन् पुरमथन बुद्धिर्व्यवसिता ।३।

तवैश्वर्यं यत्तज्जगदुदयरक्षाप्रलयकृत्
त्रयीवस्तुव्यस्तं तिसृषु गुणभिन्नासु तनुषु ।

अभव्यानामस्मिन् वरद ! रमणीयामरमणीं
विहन्तुं व्याक्रोशीं विदधत इहैके जडधियः ।४।

किमीहः किंकायः स खलु किमुपायस्त्रिभुवनं
किमाधारो धाता सृजति किमुपादान इति च ।
अतर्क्यैश्वर्ये त्वय्यनवसरदुःस्थो हतधियः
कुतर्कोऽयं कांश्चिन् मुखरयति मोहाय जगतः ।५।

अजन्मानो लोकाः किमवयववन्तोऽपि जगता-
मधिष्ठातारं किं भवविधिरनादृत्य भवति ।
अनीशो वा कुर्याद्भुवनजनने कः परिकरो
यतो मन्दास्त्वां प्रत्यमरवर ! संशेरत इमे ।६।

त्रयी सांख्यं योगः पशुपतिमतं वैष्णवमिति
प्रभिन्ने प्रस्थाने परमिदमदः पथ्यमिति च ।
रुचीनां वैचित्र्याद् ऋजुकुटिलनानापथजुषां
नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव ।७।

महोक्षः खट्वाङ्गं परशुरजिनं भस्म फणिनः
कपालं चेतीयत्तव वरद ! तन्त्रोपकरणम् ।
सुरास्तां तामृद्धिं विदधति भवद्भ्रूप्रणिहितं
न हि स्वात्मारामं विषयमृगतृष्णा भ्रमयति ।८।

ध्रुवं कश्चित्सर्वं सकलमपरस्त्वध्रुवमिदं
परो ध्रौव्याध्रौव्ये जगति गदति व्यस्तविषये ।
समस्तेऽप्येतस्मिन् पुरमथन ! तैर्विस्मित इव
स्तुवञ्जिह्रेमि त्वां न खलु ननु धृष्टा मुखरता ।९।

तवैश्वर्यं यत्नाद्यदुपरि विरिञ्चिहरिरधः
परिच्छेत्तुं यातावनलमनलस्कन्धवपुषः ।
ततो भक्तिश्रद्धाभरगुरुगृणद्भ्यां गिरिश ! यत्
स्वयं तस्थे ताभ्यां तव किमनुवृत्तिर्न फलति ।१०।

अयत्नादापाद्य त्रिभुवनमवैरव्यतिकरं
दशास्यो यद्बाहूनभृत रणकण्डूपरवशान् ।
शिरःपद्मश्रेणीरचितचरणाम्भोरुहबलेः
स्थिरायास्त्वद्भक्तेस्त्रिपुरहर ! विस्फूर्जितमिदम् ।११

अमुष्य त्वत्सेवासमधिगतसारं भुजवनं
बलात्कैलासेऽपि त्वदधिवसतौ विक्रमयतः ।
अलभ्या पातालेऽप्यलसचलिताङ्गुष्ठशिरसि
प्रतिष्ठा त्वय्यासीद्ध्रुवमुपचितो मुह्यति खलः ।१२।

यदृद्धिं सुत्राम्णो वरद ! परमोच्चैरपि सती-
मधश्चक्रे बाणः परिजनविधेयस्त्रिभुवनः ।
न तच्चित्रं तस्मिन् वरिवसितरि त्वच्चरणयो
र्न कस्याऽप्युन्नत्यै भवति शिरसस्त्वय्यवनतिः ।१३।

अकाण्डब्रह्माण्डक्षयचकितदेवासुरकृपा-
विधेयस्यासीद्यस्त्रिनयनविषं संहृतवतः ।
स कल्माषः कण्ठे तव न कुरुते न श्रियमहो
विकारोऽपि श्लाघ्यो भुवनभयभङ्गव्यसनिनः ।१४।

असिद्धार्था नैव क्वचिदपि सदेवासुरनरे
निवर्तन्ते नित्यं जगति जयिनो यस्य विशिखा ।
स पश्यन्नीश ! त्वामितरसुरसाधारणमभूत्
स्मरः स्मर्तव्यात्मा न हि वशिषु पथ्यः परिभवः ।१५।

मही पादाघाताद्व्रजति सहसा संशयपदं
पदं विष्णोर्भ्राम्यद्भुजपरिघरुग्णग्रहगणम् ।
मुहुर्द्यौर्दौस्थ्यं यात्यनिभृतजटाताडिततटा
जगद्रक्षायै त्वं नटसि ननु वामैव विभुता ।१६।

वियद्व्यापी तारागणगुणितफेनोद्गमरुचिः
प्रवाहो वारां यः पृषतलघुदृष्टः शिरसि ते ।
जगद्द्वीपाकारं जलधिवलयं तेन कृतमि-
त्यनेनैवोन्नेयं धृतमहिम दिव्यं तव वपुः ।१७।

रथः क्षोणी यन्ता शतधृतिरगेन्द्रो धनुरथो
रथाङ्गे चन्द्रार्कौ रथचरणपाणिः शर इति ।
दिधक्षोस्ते कोऽयं त्रिपुरतृणमाडम्बरविधि-
र्विधेयैः क्रीडन्त्यो न खलु परतन्त्राः प्रभुधियः ।१८।

हरिस्ते साहस्रं कमलबलिमाधाय पदयो-
र्यदेकोने तस्मिन्निजमुदहरन् नेत्रकमलम् ।
गतो भक्त्युद्रेकः परिणतिमसौ चक्रवपुषा
त्रयाणां रक्षायै त्रिपुरहर ! जागर्ति जगताम् ।१९।

क्रतौ सुप्ते जाग्रत्त्वमसि फलयोगे क्रतुमतां
क्व कर्म प्रध्वस्तं फलति पुरुषाराधनमृते ।
अतस्त्वां सम्प्रेक्ष्य क्रतुषु फलदानप्रतिभुवं
श्रुतौ श्रद्धां बद्ध्वा कृतपरिकरः कर्मसु जनः ।२०।

क्रियादक्षो दक्षः क्रतुपतिरधीशस्तनुभृता–
मृषीणामार्त्त्विज्यं शरणद ! सदस्याः सुरगणाः ।
क्रतुभ्रंशस्त्वत्तः क्रतुफलविधानव्यसनिनो
ध्रुवं कर्तुः श्रद्धाविधुरमभिचाराय हि मखाः ।२१।

प्रजानाथ नाथ प्रसभमभिकं स्वां दुहितरं
गतं रोहिद्भूतां रिरमयिषुमृष्यस्य वपुषा ।
धनुष्पाणेर्यातं दिवमपि सपत्राकृतममुं
त्रसन्तं तेऽद्यापि त्यजति न मृगव्याधरभसः ।२२।

स्वलावण्याशंसाधृतधनुषमह्नाय तृणवत्
पुरः प्लुष्टं दृष्ट्वा पुरमथन ! पुष्पायुधमपि ।
यदि स्त्रैणं देव यमनिरत ! देहार्धघटना––
दवैति त्वामद्धा बत वरद ! मुग्धा युवतयः ।२३।

श्मशानेष्वाक्रीडा स्मरहर ! पिशाचाः सहचरा–
श्चिताभस्मालेपः स्रगपि नृकरोटी परिकरः ।
अमङ्गल्यं शीलं तव भवतु नामैवमखिलं
तथापि स्मर्तॄणां वरद ! परमं मङ्गलमसि ।२४।

मनः प्रत्यक्चित्ते सविधमवधायात्तमरुतः
प्रहृष्यद्रोमाणः प्रमदसलिलोत्सङ्गितदृशः ।
यदालोक्याह्लादं ह्रद इव निमज्यामृतमये
दधत्यन्तस्तत्त्वं किमपि यमिनस्तत्किल भवान् ।२५।

त्वमर्कस्त्वं सोमस्त्वमसि पवनस्त्वं हुतवह—
स्त्वमापस्त्वं व्योम त्वमु धरणिरात्मा त्वमिति च ।
परिच्छिन्नामेवं त्वयि परिणता बिभ्रति गिरं
न विद्मस्तत्तत्त्वं वयमिह तु यत्त्वं न भवसि ।२६।

त्रयीं तिस्रो वृत्तीस्त्रिभुवनमथो त्रीनपि सुरा—
नकाराद्यैर्वर्णैस्त्रिभिरभिदधत्तीर्णविकृति ।
तुरीयं ते धाम ध्वनिभिरवरुन्धानमणुभिः
समस्तं व्यस्तं त्वां शरणद ! गृणात्योमिति पदम् ।२७।

भवः शर्वो रुद्रः पशुपतिरथोग्रः सहमहाँ—
स्तथा भीमेशानाविति यदभिधानाष्टकमिदम् ।
अमुष्मिन् ! प्रत्येकं प्रविचरति देव ! श्रुतिरपि
प्रियायास्मै धाम्ने प्रणिहितनमस्योऽस्मि भवते ।२८।

नमो नेदिष्ठाय प्रियदव ! दविष्ठाय च नमो
नमः क्षोदिष्ठाय स्मरहर ! महिष्ठाय च नमः ।
नमो वर्षिष्ठाय त्रिनयन ! यविष्ठाय च नमो
नमः सर्वस्मै ते तदिदमितिसर्वाय च नमः ।२९।

बहुलरजसे विश्वोत्पत्तौ भवाय नमो नमः
प्रबलतमसे तत्संहारे हराय नमो नमः ।
जनसुखकृते सत्त्वोद्रिक्तौ मृडाय नमो नमः
प्रमहसि पदे निस्त्रैगुण्ये शिवाय नमो नमः ।३०।

कृशपरिणति चेतः क्लेशवश्यं क्व चेदं
क्व च तव गुणसीमोल्लङ्घिनी शश्वदृद्धिः ।
इति चकितममन्दीकृत्य मां भक्तिराधाद्
वरद ! चरणयोस्ते वाक्यपुष्पोपहारम् ।३१।

असितगिरिसमं स्यात्कज्जलं सिन्धुपात्रे
सुरतरुवरशाखा लेखनीं पत्रमुर्वी ।
लिखति यदि गृहीत्वा शारदा सर्वकालं
तदपि तव गुणानामीश पारं न याति ।३२।

असुरसुरमुनीन्द्रैरर्चितस्येन्दुमौले--
ग्रंथितगुणमहिम्नो निर्गुणस्येश्वरस्य ।
सकलगणवरिष्ठः पुष्पदन्ताभिधानो
रुचिरमलघुवृत्तैः स्तोत्रमेतच्चकार ।३३।

अहरहरनद्य धूर्जटेः स्तोत्रमेतत्
पठति परमभक्त्या शुद्धचित्तः पुमान् य ।
स भवति शिवलोके रुद्रतुल्यस्तथाऽत्र
प्रचुरतरधनायुः पुत्रवान् कीर्तिमांश्च ।३४।

दीक्षा दानं तपस्तीर्थ-स्नानं यागादिकाः क्रियाः ।
महिम्नः स्तवपाठस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ।३५।

आसमाप्तमिदं स्तोत्रं सर्वमीश्वरवर्णनम् ।
अनौपम्यं मनोहारि पुण्यं गन्धर्वभाषितम् ।३६।

महेशान्नापरो देवो महिम्नो नापरा स्तुतिः ।
अघोरान्नापरो मन्त्रो नास्ति तत्त्वं गुरोः परम् ।३७।

कुसुमदशननामा सर्वगन्धर्वराजः
शिशुशशधरमौलेर्देवदेवस्य दासः ।
स खलु निजमहिम्नो भ्रष्ट एवास्य रोषात्
स्तवनमिदमकार्षीद् दिव्यदिव्यं महिम्नः ।३८।

सुरवरमुनिपूज्यं स्वर्गमोक्षैकहेतुं
पठति यदि मनुष्यः प्राञ्जलिर्नान्यचेताः ।
व्रजति शिवसमीपं किन्नरैः स्तूयमानः
स्तवनमिदममोघं पुष्पदन्तप्रणीतम् ।३९।

श्रीपुष्पदन्तमुखपङ्कजनिर्गतेन
स्तोत्रेण किल्विषहरेण हरप्रियेण ।
कण्ठस्थितेन पठितेन समाहितेन
सुप्रीणितो भवति भूतपतिर्महेशः ।४०।

इत्येषा वाङ्मयी पूजा श्रीमच्छङ्करपादयोः ।
अर्पिता तेन देवेशः प्रीयतां मे सदाशिवः ४१।

यदक्षर पद भ्रष्टं मात्राहीनं च यद्भवेत् ।
तत्सर्वं क्षम्यतां देव ! प्रसीद परमेश्वर ! ।४२।

## श्री शिवताण्डवस्तवराजः ॥

जटाटवीगलज्जलप्रवाहपावितस्थले
गलेऽवलम्ब्य लम्बितां भुजंगतुङ्गमालिकाम् ।।
डमड्डमड्डमड्डमन्निनादवड्डमर्वयं
चकार चण्डताण्डवं तनोतु नः शिवः शिवम् ।१।

जटाकटाहसम्भ्रमभ्रमन्निलिंपनिर्झरी- -
विलोलवीचिवल्लरीविराजमानमूर्द्धनि ।
धगद्धगद्धगज्ज्वलल्ललाटपट्टपावके
किशोरचन्द्रशेखरे रतिः प्रतिक्षणं मम ।२।

धराधरेन्द्रनन्दिनीविलासबंधुबन्धुर–
स्फुरद्दिगन्तसन्ततिप्रमोदमानमानसे ।
कृपाकटाक्षधोरणीनिरुद्धदुर्धरापदि
क्वचिद्दिगंबरे मनो विनोदमेतु वस्तुनि ।३।

जटाभुजंगपिङ्गलस्फुरत्फणामणिप्रभा––
कदम्बकुंकुमद्रवत्प्रलिप्तदिग्वधूमुखे ।

मदान्दसिन्धुरस्फुरत्त्वगुत्तरीयमेदुरे
मनोविनोदमद्भुतं बिभर्तु भूतभर्तरि ।४।

सहस्रलोचनप्रभृत्यशेषलेखशेखर
प्रसूनधूलिधोरणीविधूसराङ्घ्रिपीठभूः ।
भुजङ्गराजमालया निबद्धजाटजूटकः
श्रियै चिराय जायतां चकोरबन्धुशेखरः ।५।

ललाटचत्वरज्ज्वलद्धनंजयस्फुलिंगभा-
निपीतपंचसायकं नमन्निलिम्पनायकम् ।
सुधामयूखलेखया विराजमानशेखरम्
महाकपालिसम्पदे शिरो जटालमस्तु नः ।६।

करालभालपट्टिकाधगद्धगद्धगज्ज्वल-
द्धनञ्जयाहुतीकृतप्रचण्डपञ्चसायके ।
धराधरेन्द्रनन्दिनीकुचाग्रचित्रपत्रक-
प्रकल्पनैकशिल्पिनि त्रिलोचने रतिर्मम ।७।

नवीनमेघमण्डलीनिरुद्धदुर्धरस्फुर—
त्कुहूनिशीथिनीतमः प्रबन्धबद्धकन्धरः ।
निलिंपनिर्झरीधरस्तनोतु कृत्तिसिन्धुरः
कलानिधानबन्धुरः श्रियं जगद्धुरन्धरः ।८।

प्रफुल्लनीलपंकजप्रपञ्चकालिमप्रभा—
वलम्बिकण्ठकन्दलीरुचिप्रबद्धकन्धरम् ।

स्मरच्छिदं पुरच्छिदं भवच्छिदं मखच्छिदं
गजच्छिदान्धकच्छिदंतमन्तकच्छिदं भजे ।९।

अखर्व सर्व मंगला कलाकदम्बमञ्जरी-
रसप्रवाहमाधुरीविजृम्भणामधुव्रतम् ।
स्मरान्तकं पुरान्तकं भवान्तकं मखान्तकं
गजान्तकान्धकान्तकं तमन्तकान्तकं भजे ।१०।

जयत्वदभ्रविभ्रमभ्रमद्भुजङ्गमश्वस-
द्विनिर्गमत्क्रमस्फुरत्करालभालहव्यवाट् ।
धिमिद्धिमिद्धिमिद्ध्वनन्मृदङ्गतुंगमंगल-
ध्वनिक्रमप्रवर्तितप्रचण्डताण्डवः शिवः ।११।

दृषद्विचित्रतल्पयोर्भुजङ्गमौक्तिकस्रजो-
र्गरिष्ठरत्नलोष्ठयोः सुहृद्विपक्षपक्षयोः ।
तृणारविन्दचक्षुषोः प्रजामहीमहेन्द्रयोः
समप्रवृत्तिकः कदा सदाशिवं भजाम्यहम् ।१२।

कदा निलिम्पनिर्झरीनिकुञ्जकोटरे वसन्
विमुक्तदुर्मतिः सदा शिरःस्थमंजलिं वहन् ।
विलोललोललोचनो ललामभाललग्नकः
शिवेति मन्त्रमुच्चरन् सदा सुखी भवाम्यहम् ।१३।

इमं हि नित्यमेवमुक्तमुत्तमोत्तमं स्तवं
पठन्स्मरन्ब्रुवन्नरो विशुद्धमेति संततम् ।

हरे गुरौ सुभक्तिमाशु याति नान्यथा गतिं
विमोहनं हि देहिनां सुशंकरस्य चिन्तनम् ।१४।

पूजावसानसमये दशवक्त्रगीतं
यः शम्भुपूजनपरं पठति प्रदोषे ।
तस्य स्थिरां रथगजेन्द्रतुरङ्गयुक्तां
लक्ष्मीं सदैव सुमुखीं प्रददाति शम्भुः ।१५।

इति महापण्डित रावणकृतंशिवताण्डवस्तोत्रं सम्पूर्णम् ।

卐 卐 卐

## भगवान् दत्तात्रेय जी के २४ चौवीस गुरु

एक बार धर्मके मर्मज्ञ राजा यदुने देखा कि एक त्रिकालदर्शी तरुण अवधूत ब्राह्मण निर्भय विचर रहे हैं, तब उन्होंने उनसे पूछा—'ब्रह्मन् ! आप कर्म तो करते ही नहीं, फिर आपको यह अत्यन्त निपुण बुद्धि कहां से प्राप्त हुई, जिसका आश्रय लेकर आप परम विद्वान् होने पर भी बालक के समान संसार में विचरते हैं। संसार के अधिकांश लोग काम और लोभ के दावानल से जल रहे हैं, परन्तु आपको देखकर ऐसा मालूम होता है कि आप उससे मुक्त हैं । आप तक उसकी आंच भी नहीं पहुंच पाती, ठीक वैसे ही जैसे कोई हाथी वन में दावाग्नि लगने पर उससे छूट कर गङ्गाजल में खड़ा हो। आप सदा-सर्वदा अपने स्वरूप में ही स्थित हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आपको अपने आत्मा में ही ऐसे अनिर्वचनीय आनन्द का अनुभव कैसे होता है ?'

ब्रह्मवेत्ता दत्तात्रेय जी ने कहा—'राजन् ! मैंने अपनी बुद्धि से गुरुओं का आश्रय लिया है, उनसे शिक्षा ग्रहण करके मैं इस जगत् में मुक्तभाव से स्वच्छन्द विचरता हूं। तुम उन गुरुओं के नाम और उनसे ग्रहण की हुई शिक्षा को सुनो —

पृथिवी वायुराकाशमापोऽग्निश्चन्द्रमा रविः ।
कपोतोऽजगरः सिन्धुः पतङ्गो मधुकृद् गजः ।।
मधुहा हरिणो मीनः पिङ्गला कुररोऽर्भकः ।
कुमारी शरकृत् सर्प ऊर्णनाभिः सुपेशकृत् ।।
एते मे गुरवो राजंश्चतुर्विंशतिराश्रिताः ।
शिक्षावृत्तिभिरेतेषामन्वशिक्षमिहात्मनः ।।
( श्रीमद्भागवत ११।७।३३-३५ )

'राजन! मैंने पृथ्वी, वायु, आकाश, जल, अग्नि, चन्द्रमा, सूर्य, कबूतर अजगर, समुद्र, पतंग, मधुमक्खी, हाथी, मधु निकालनेवाला, हरिन, मछली, पिङ्गला वेश्या, कुररपक्षी, बालक, कुआरी कन्या, बाण बनानेवाला, सर्प, मकड़ी और भृङ्गी कीट—इन चौबीस गुरुओं का आश्रय लिया है और इन्हीं के आचरण से इस लोक में अपने लिये शिक्षा ग्रहण की है।'

(१) पृथिवी—मैंने पृथिवी के धैर्य और क्षमारूपी दो गुणों से धीरज और क्षमाका उपदेश ग्रहण किया है। धीर पुरुष को चाहिये कि वह कठिन-से-कठिन विपत्तिकाल में भी अपनी धीरता और क्षमावृत्ति को न छोड़े। मैंने पृथिवी के विकार—पर्वत और वृक्षों से परहित की शिक्षा ग्रहण की है।

(२) वायु—शरीर के अन्दर रहने वाला प्राणवायु जिस प्रकार आहारमात्र की आकाङ्क्षा रखता है और उसकी प्राप्ति से संतुष्ट हो जाता है, उसी प्रकार साधक जीवन-निर्वाह-हेतु ही भोजन करे, इन्द्रियों की तृप्ति-हेतु नहीं तथा शरीर के बाहर रहनेवाली वायु जैसे सर्वत्र विचरण करते हुए भी किसी में आसक्त नहीं होती, उसी प्रकार साधक को चाहिए कि वह अपने को शरीर नहीं, अपितु आत्मा के रूप में देखे। शरीर और उसके गुणों का आश्रय होनें पर भी उनसे सर्वथा निर्लिप्त रहे। यही मैंने वायु से सीखा है।

(३) **आकाश**—'चर-अचर जितने भी सूक्ष्म-स्थूल शरीर हैं, उनमें आत्मरूप में सर्वत्र स्थित होने के कारण सभी में ब्रह्म है।' इसका उपदेश मुझे आकाश ने दिया। घट-मठ आदि पदार्थों के कारण भिन्न-भिन्न प्रतीत होने पर भी आकाश एक और अपरिच्छिन्न (अखण्ड) ही है।

(४) **जल**—जैसे जल स्वभाव से ही स्वच्छ, स्निग्ध, मधुर और पवित्र करनेवाला है, उसी प्रकार साधक को स्वभाव से ही मधुरभाषी और लोकपावन होना चाहिये।

(५) **अग्नि**—राजन्! मैंने अग्नि से तेजस्वी और ज्योतिर्मय होने के साथ ही यह भी शिक्षा ग्रहण की कि जैसे अग्नि लम्बी-चौड़ी या टेढ़ी-सीधी लकड़ियों में रह कर उनके समान ही रूपान्तरित हो जाती है, वास्तव में वह वैसी है नहीं, वैसे ही सर्वव्यापक आत्मा भी अपनी माया से रचे हुए कार्य-कारण-रूप जगत् में व्याप्त होने के कारण उन-उन वस्तुओं के नाम-रूप ग्रहण कर लेता है, वास्तव में वह वैसा है नहीं।

(६) **चन्द्रमा**—कालकी अदृश्य गति के प्रभाव से चन्द्रकला घटती और बढ़ती हुई प्रतीत होती है, वास्तव में चन्द्रमा तो सर्वदा एक-सा ही रहता है, उसी प्रकार जीवन से लेकर मरण-पर्यन्त शरीरिक अवस्थाएं भी आत्मा से अलिप्त हैं। यह गूढ़ ज्ञान मैंने चन्द्रमा से ग्रहण किया।

(७) **सूर्य**—सूर्य से मैंने दो शिक्षाएं प्राप्त कीं—अपनी प्रखर किरणों द्वारा जल-संचय और समयानुसार उस संचय का यथोचित वितरण तथा विभिन्न पात्रों में परिलक्षित सूर्य स्वरूपतः भिन्न नहीं है, इसी प्रकार आत्मा का स्वरूप भी एक ही है।

(८) **कबूतर**—कबूतर से अवधूत दत्तात्रैय जी ने जो शिक्षा ग्रहण की उसके लिये उन्हें यदु के समक्ष एक लम्बा आख्यान प्रस्तुत करना पड़ा, जिसका भावार्थ संसार से आसक्ति न रखना है।

(९) **अजगर**—अनायास रूखा-सूखा प्रारब्धवश जो भी प्राप्त हो जा उसी में संतोष करना, कर्मेन्द्रियों के होने पर भी चेष्टारहित रहना, यह मैं अजगर से सीखा है।

(१०) **समुद्र**—समुद्र ने मुझे सर्वदा प्रसन्न और गम्भीर रहन सिखाया। समुद्र के शान्त भावों की तरह साधक को भी सांसारिक पदार्थ की प्राप्ति और अप्राप्ति पर हर्ष-शोक नहीं होना चाहिये।

गरुड़पुराण में कहा है—

**कुरङ्गमातङ्गपतङ्गभृङ्गमीना हता पञ्चभिरेव पञ्च।**
**एकः प्रमादी स कथं न हन्यते यः सेवते पञ्चभिरेव पञ्च॥**

पतंगा, हाथी, हरिण, भृंग और मछली मात्र एक ही इन्द्रिय के वश में होकर मोहान्ध होने से नष्ट हो जाते हैं तो फिर मनुष्य शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्धके लिये पांच इन्द्रियों के माध्यम से विषयासक्त होने पर कैसे बचा रह सकता है? भगवान् दत्तात्रेय जी के अनुसार आसक्ति मात्र एक ही विषय से सम्बन्धित होने पर नाश का कारण होती है, अतः मनुष्य को सामान्य जीवों की अपेक्षा अधिक सावधानी की आवश्यकता है क्योंकि वह पांच इन्द्रियों के माध्यम के विषयों में आसक्त हो जाने की स्थिति में रहता है।

(११) **पतंग**—रूप पर मोहित होकर प्राणोत्सर्ग कर देने वाले पतंगे की भान्ति मायिक पदार्थों के हेतु बहुमूल्य जीवन का विनाश न हो, यह मैंने पतंगे से सीखा है।

(१२) **मधुमक्खी**—साधक को चाहिये कि वह मधुमक्खी की भांति संग्रह न करे। अपने शरीर के लिये उपयोगी रोटी के कुछ टुकड़े कई घरोंसे मांग ले।

(१३) **हाथी**—साधक को चाहिये वह भूल कर भी पैर से भी काठ की भी बनी स्त्रीका स्पर्श न करे अन्यथा हाथी-जैसी दुर्दशाको प्राप्त होगा।

(१४) **मधु निकालनेवाला**--राजन् ? जैसे मधुमक्खियों द्वारा कठिनाई से संचित किये गये मधु का दूसरा ही उपयोग करता है, इसी प्रकार कृपण व्यक्ति भी अपने संचित धन का न तो स्वयं उपयोग करता है और न शुभ कार्यों में व्यय ही कर पाता है । अतः गृहस्थ को अपने अर्जित धन को शुभ कार्यों में लगाने की शिक्षा मैंने भौरी पुरुष से ग्रहण की ।

(१५) **हरिण**- वनवासी संन्यासी यदि विषय सम्बधी गीत में आसक्त हुआ तो हरिन की भांति व्याध के बन्धन में पड़ जाता में, जैसे ऋषि ऋष्यशृंग ।

(१६) **मछली**—नृपनन्दन ? मछली तो गन्धा स्वाद के लोभ में मृत्यु को प्राप्त होती है यह सभी जानते हैं, अतः इन्द्रिय - संयम का पाठ मैंने मत्स्य गुरु से सीखा ।

(१७) **पिंगला**--अबतक यदु तन्मयता पूर्वक प्रत्येक गुरु के विषय में सुन रहे थे। अचानक बोल उठे— 'महामुने ? क्या वेश्या भी आपकी गुरु रही ?'

'हां नृपराज ! पिंगला वेश्या की अपने रमण स्थल पर वस्त्राभूषणों से अलंकृत ग्राहकों की प्रतीक्षा को मैंने देखा है । रात्रि भर प्रतीक्षा के पश्चात् भी जब उस धन - लोलुपा वेश्या के पास कोई नहीं आया तब वह निराश हो गयी और उसे वैराग्य हो गया । उसने अपने चित्त को इङ्गित कर जो पश्चात्ताप का गीत गाया वह मैंने सुना । कुछ पंक्तियां तुम भी सुनो—

**यदस्थिभिर्निर्मितवंशवंश्य-**

**स्थूणं त्वचा रोमनखैः पिनद्धम् ।**

क्षरन्नवद्वारमगारमेतद्
विण्मूत्रपूर्णं मदुपैति कान्या ॥

(श्रीमद्भा० ११ । ८ । ३३)

'यह शरीर एक घर है। इस में हड्डियों के टेढ़े - तिरछे बांस और खंभे लगे हैं। चर्म, रोग और नाखूनों से यह छाया गया है । इसमें से मल - मूत्र के निकलने के नव दरवाजे हैं, इसके अतिरिक्त और क्या है? मेरे अतिरिक्त ऐसी कौन पतिता स्त्री होगी जो इस स्थूल शरीर को अपना प्रिय समझ कर सेवन करेगी ।' राजन! "**आशा हि परम दुःखं नैराश्यं परमं सुखम् ।**' (श्रीमद्भा० ११ । ८ । ४४) के कारण आशा का परित्याग करने वाली इस वेश्या से मैंने शिक्षा ग्रहण की ।

**(१८) कुरर पक्षी**--इस पक्षी की चोंच में जब तक मांस का टुकड़ा था तभी तक अन्य पक्षी इसके शत्रु थे। जैसे ही उसने टुकड़ा छोड़ दिया, उसके पास से सभी पक्षी दूर हो गये। इस से मुझे त्याग की शिक्षा मिली ।

**(१९) बालक**--बालक को जैसे मान अपमान और परिवार की चिन्ता नहीं होती, उसी प्रकार मुझे भी अपने मान - अपमान की चिन्ता नहीं करनी चाहिये, अतः मैंने बालक को भी गुरु माना ।

**(२०) कुंआरी कन्या**--धान कूटती कन्या के हाथों में अनेक चूड़ियों के शब्द से जो ग्लानि हो रही थी, वह उस समय दूर हो गयी जब दोनों हाथों में केवल एक - एक चूड़ी ही रही, इसलिये मैंने कन्या से अकेले ही विचरण करने की शिक्षा ग्रहण की ।

**(२१) बाण - निर्माता**--इस व्यक्ति को मैंने अपने बाण बनाने के कार्य में इतना तल्लीन देखा कि राजा की सवारी भी गाजे - बाजे के साथ इसके सामने से निकल गई पर यह अपने कार्य में दत्त - चित्त रहा । इससे मैंने यह शिक्षा ली कि साधक अभ्यास के द्वारा अपने मनको वश में कर उसे सावधानी से लक्ष्य में लगा दे ।

(२२) **सर्प**—राजन् ! इससे मैंने कई गुण ग्रहण किये । जैसे एकाकी विचरण, किसी की सहायता न लेना, कम बोलना और मठ या घर न बनाना ।

(२३) **मकड़ी**—मकड़ी तो सर्वान्तर्यामी सर्व शक्तिमान् प्रभु के पूर्वकल्प में बिना किसी अन्यसहायक के अपनी माया से रचित संसार के अद्भुत कौशल का दर्शन कराती है। मकड़ी अपने हृदय से मुंह के द्वारा जाला फैलाकर उसी में रमण करती है और उसे निगल भी जाती है ।

(२४) **भृंगीकीट**—राजन् ! मैंने इस कीड़े से यह शिक्षा ग्रहण की यदि प्राणी स्नेह, द्वेष अथवा भय से जान - बूझकर एकाग्ररूपसे अपना मन किसी में लगा दे तो उसे उसी वस्तु का स्वरूप प्राप्त हो जाता है, जैसे भृंगीद्वारा पकड़े गये कीड़े का हो जाता है ।

दत्तात्रेय जी ने अपने चौबीस गुरुओं का वर्णन कर उपसंहार करते करते हुए कहा—'**राजन्**' ! अकेले गुरु से ही यथेष्ट और सुदृढ़ बोध नहीं होता, उसके लिये अपनी बुद्धि से भी बहुत कुछ सोचने - समझने की आवश्यकता है। देखो ! ऋषियोंने एक ही अद्वितीय ब्रह्म का अनेक प्रकार से गान किया है । (यह तो तुम्हें स्वयं ही निर्णय करना होगा ।)'

शिक्षाङ्क १९८८ ई० से उद्धृत ।

卐 卐 卐

प्रबोधनवेला (ब्राह्ममुहूर्तः):—

**रात्रेः पश्चिमयामस्य मुहूर्तो यस्तृतीयकः ।**
**स ब्राह्म इति विज्ञेयो विहितः सम्प्रबोधने ॥** विष्णु पुरा

रात के अन्तिम प्रहर से ब्राह्ममुहूर्त आरम्भ होता है ।
इसी में जागना शास्त्रसम्मत है ।

**सौम्यादौ स चतुर्नादात् त्रिनादाद् याम्यसंक्रमे ।**
**सार्धत्रिवादनाद् ब्राह्मो मुहूर्तो वैषुवोदये ॥**

उत्तरायण के आरम्भ में चार बजे प्रातः, दक्षिणायन के प्रारम्भ तीन बजे प्रातः दिनमान रात्रिमान के एक बराबर होने पर दोनों विषु सक्रान्तियों में साढे तीन बजे प्रातः ब्राह्म मुहूर्त माना गया है । इसमें जाग से चतुर्वर्ग फल प्राप्ति होती है ।

प्रभाते करदर्शनम्:—

**कराग्रे वसते लक्ष्मीः करमध्ये सरस्वती ।**
**करमूले स्थितो ब्रह्मा प्रभाते करदर्शनम् ॥** आचार प्रद

भूमिवन्दनाः—

**समुद्रवसने ! देवि ! पर्वतस्तनमण्डिते ! ।**
**विष्णुपत्नि ! नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्वमे ॥**

मदन पारिजा

जलवन्दनम्: —

**गङ्गे ! च यमुने ! चैव गोदावरि ! सरस्वती ! ।**
**तविषि ! चन्द्रभागे ! च जलेऽस्मिन् सन्निधिंकुरु ॥**

उषः जलपानम्:—

**विगतघन निशीथे प्रातरुत्थाय नित्यं**
**पिबति यदि नरो यो घ्राण रन्ध्रेण वारि ॥**

स भवति मतिपूर्णश्चक्षुषा तार्क्ष्यतुल्यो
बलिपलितबिहीनः सर्वरोगैर्विमुक्तः ॥
स्नेहे पीते क्षते शुद्धावाध्माने स्तिमितोदरे ॥
हिक्कायां कफ वातोत्थे व्याधौ तद्वारि वारयेत् ॥

घी आदि स्निग्ध पदार्थ पीकर जुकाम, जखम, जुलाबादि लेकर उदर दोष, हिचकी, वात, कफ के विकार में, किसी भी प्रकार की व्याधि होने पर प्रातः जलपान निषिद्ध है ।

शौच दिशाः—

प्रातः उटकर निर्ऋतिकी ओर जितनी दूर सम्भव हों वहां सूर्य की ओर पीठ कर के शौच करे । छाया, अन्धकार, रात के समय वा दिन यथा सुख मुख करके शौच करे ।

शौचेनियमाः—

शौच से पहिले सिर कानादि को भली भान्ति वस्त्रादि से ढककर कच्छ शिखादि को खोलकर यज्ञोपवीत को कानपर रखकर मैत्र मूत्रादि कृत्य करे ।

शौचे मृत्तिका सेवनम्ः—

आर्द्रामलकमात्रास्तु ग्रासा इन्दुव्रते स्मृताः ।
तथैवाहुतयः सर्वाः शौचे देयास्तुमृत्तिकाः ॥

हरे आमले के बराबर चान्द्रायण व्रत में विहित ग्रास मात्रा की तरह शुद्धमृत्तिका की शौच में अपानाहुति विहित है। शौचशुद्धि के पश्चात् स्वास्थ्योपयोगी निम्बादि की दातुन (दन्त धावन) करे।

दन्तकाष्ठ (बनस्पति) प्रार्थनाः—

आयुर्बलं यशोवर्चः प्रजाः पशून् वसूनि च ।
ब्रह्म प्रज्ञां च मेधां च त्वं नो देहि वनस्पते ! ॥

दातुन के पश्चात् १२ गण्डूष (करूली) करके मुख प्रक्षालन करना लिखा है । फिर

सूर्यप्रार्थना:—

आदित्यस्य नमस्कारं ये कुर्वन्ति दिने दिने ।
जन्मान्तर सहस्रेषु दारिद्र्यं नोपजायते ॥

तुलसीवन्दना:—

महाप्रसाद जननीं सर्वसौभाग्यवर्धिनी ।
आधिव्याधिहरा नित्यं तुलसि ! त्वं नमोऽस्तुते ॥

गोवन्दना:—

गावो मे अग्रतः सन्तु गावो में सन्तु पृष्ठतः ।
गावो मे हृदये सन्तु गवांमध्ये वसाम्यहम् ॥

प्रातः स्मरणम्: —

न कस्यचिदाख्यातं तन्मे ब्रूहिपितामह ।१।

ब्रह्मोवाच

वैष्णवी शैलपुत्री च वैष्णवी ब्रह्मचारिणी ।
वैष्णवी चन्द्रघण्टेति कूष्माण्डेति वैष्णवी ।२।

वैष्णवी स्कन्दमातेति कात्यायन्यपि वैष्णवी ।
वैष्णवी कालरात्रीति महागौरीति वैष्णवी ।३।
वैष्णवी सिद्धदात्रीति नवदुर्गा हि वैष्णवी ।
इति प्रणव नामानि ब्रह्मणैव महात्मना ।४।
अग्निना दह्यमानस्तु शत्रुमध्ये गतो रणे ।
विषमे दुर्गमे चैव भयार्ताः शरणं गता ।५।
न तेषां जायते किञ्चिदशुभं रणसंकटे ।
नापदं तस्य पश्यामि शोकदुःख भयं न हि ।
यैः स्मृता वैष्णवी भक्त्या तेषांवृद्धिश्च सात्विकी ॥
ये त्वां स्मरन्ति देवेशि रक्षसे तान्न संशयः ॥

वैष्णवार्गलस्तोत्रम्

ॐ या देवी स्तूयते नित्यं विबुधैर्वेदपारगैः ॥
सा मे भवतु जिह्वाग्रे ब्रह्मरूपा सरस्वती ॥

वैष्णवकीलकस्तोत्रम्

ॐ विशुद्ध ज्ञानदेहाय त्रिवेदी दिव्यचक्षुषे ।
श्रेयः प्राप्तिनिमित्ताय नमः सोमार्धधारिणे ॥

अथ नवार्णजपविधिः

अस्य नर्वाणमन्त्रस्य ब्रह्मविष्णुमहेश्वरात्मकाः सुमेधामार्कण्डेय गौतमा-त्रिवशिष्ठव्यासाऋषयः प्रतिष्ठासुप्रतिष्ठागायत्र्युष्णिगनुष्टुब्बृहतीपंक्ति-त्रिष्टुब्जगत्यश्छन्दांसि प्रणवनागाग्निवाय्वाऽऽदित्य बृहस्पतिवरुणेन्द्रविश्वे-देवा देवताः ऐन्द्री कौमारी ब्राह्मीवाराही चामुण्डा वैष्णवी माहेश्वरी वैनायकी दुर्गाः शक्तयः अखिलमनोरथ सिद्ध्यर्थं जपे पाठे च विनियोगः ।

अत्र वृहस्पतिरेव सोम स्थाने प्रयुक्तः । सोमकुबेरबृहस्पतयोऽभिन्नाः ।

॥ अथ हृदयादिषडङ्गन्यासः ॥

ॐ ऐं हृदयाय नमः । ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा । ॐ क्लीं शिखायै वषट् । ॐ चामुण्डायै कवचाय हुम् । ॐ विच्चे नेत्रत्रयाय वौषट् । ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे अस्त्राय फट् ॥

ध्यानम्

या दुर्गा मधुकैटभप्रमथिनी या माहिषोन्मर्दिनी ।
या धूम्रेक्षणचण्डमुण्डदलिनी या रक्तबीजाशिनी ॥
या श्रीः शुम्भनिशुम्भदैत्यदलिनी या ब्रह्मविद्याप्रदा ।
सा देवी नवकोटिमूर्तिसहिता मां पातु विश्वेश्वरी ॥

नवार्ण जपमन्त्रः

"ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे"

१०८ मालाद्वारा जप करे ॥

ॐ जगदम्बार्पणमस्तु ॥

ॐ

॥ अथ श्रीहनुमत्स्तोत्रम् ॥

श्रीराम उवाच

हनुमान् अंजनीसूनुर्वायुपुत्रो महाबलः ।
रामेष्टः फाल्गुनसखः पिंगाक्षोऽमितविक्रमः ।१।

उदधिक्रमणश्चैव सीताशोकविनाशनः ।
लक्ष्मणप्राणदाता च दशग्रीवस्य दर्पहा ।२।

द्वादशैतानि नामानि कपीन्द्रस्य महाप्रभोः ।
सायंकाले जपेन्नित्यं यात्राकाले विशेषतः ।३।

भयानि तस्य नश्यन्ति सत्यं-सत्यं वदाम्यहम् ।
बुद्धिर्बलं तथा धैर्यं निर्भयत्वमरोगता ।४।
अजाड्यं वाक्पटुत्वं च हनुमत्स्मरणादपि ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ।
वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं श्रीरामदूतं शिरसा नमामि ।५।
अंजनीनन्दनं वीरं सीताशोकविनाशनम् ।
कपीन्द्रम् अक्षहन्तारं वन्दे लंकाभयङ्करम् ।६।
गोष्पदीकृतवारीशं मशकीकृतराक्षसम् ।
रामायणमहामाला रत्नं वन्देऽनिलात्मजम् ।७।

इति श्रीहनुमत्स्तोत्रं सम्पूर्णम् ।

## कुशण्डिका

पूजन के उपरांत कुशण्डिका करके अग्नि स्थापन करे । अग्नि से दक्षिण दिशा में ब्रह्मा को पूर्व दक्षिण क्रम से कुशासन पर उत्तर मुख करके बैठावे । फिर प्रणीता पात्र में जल भरकर कुशा से ढक कर ब्रह्मा का मुख दिखावे और अग्नि से उत्तर की तरफ कुशा के ऊपर धरे। फिर कुशकण्डिका के अनुसार कुशा विछावें । एक प्रोक्षणी पात्र धरें । घी का कटोरा धरें । मार्जन के लिए तीन कुशा गूंदकर उत्तर से पश्चिम की तरफ धरें । अंगूठे से तर्जनी के बराबर तीन लकड़ी धरें । फिर चावल से भरा हुआ पूर्णपात्र रखे। अनन्तर उसी दिशा में और वस्तु स्थापन करें । पवित्र छेदन कुशाओं से पवित्री की कुशा को प्रादेश मात्र छेदन करे । फिर ब्राह्मण पवित्री की कुशाओं सहित प्रणीता का जल हाथ से तीन बार प्रोक्षणी पात्रमें डाले । अनामिका और अंगूठे के अग्र भाग में पवित्रे की कुशाको पकड़ कर प्रोक्षणी पात्र में से तीन बार ऊपर को छींटा दे । फिर प्रणीता के जलसे प्रोक्षणी पात्र में तीन बार उसी कुशा से छींटा दे और प्रोक्षणी पात्र के जल का सब जगह छींटा लगावे । अग्नि और प्रणीता के मध्यमें प्रोक्षणी पात्र रखे । फिर घी का बर्तन अग्नि पर रखकर गरम करले । फिर स्रुवे को अग्नि से तपा ले और संमार्जन कुशाओं

को लेकर स्रुवे के आरम्भ में सिरे की कुशा लगावे। तीन लकड़ी घी में भिगो कर अग्नि में डाले।

ब्रह्मा से लेकर घुटने तक मौली रखे। फिर स्रुवे से नीचे लिखी आहुतियां घी की डाले। और आहुति से बचा हुआ घी प्रोक्षणी पात्र में भी डालता जाए।

**होमारम्भः**

ओं प्रजापतये स्वाहा। ओं इन्द्राय स्वाहा। ओं अग्नये स्वाहा। ओं सोमाय स्वाहा। ओं भूः स्वाहा। इदमग्नये। ओं भुवः स्वाहा। इदंवायवे। ओं स्वः स्वाहा। इदंसूर्याय। ओं भूर्भुवः स्वः इदंप्रजापतये नमम:।

ओं श्रीगणेशाय स्वाहा। ओं लक्ष्मीनारायणाभ्यां स्वाहा। ओं उमा-महेश्वराभ्यां स्वाहा। ओं वाणीहिरण्यगर्भाभ्यां स्वाहा। ओं मातृभ्यः स्वाहा। ओं पञ्चोंकारेभ्यः स्वाहा। ओं नवग्रहेभ्यः स्वाहा। ओं अधिदेवेभ्यः स्वाहा। ओं प्रत्यधिदेवेभ्यः स्वाहा। ओं लोकपालेभ्यः स्वाहा। ओं वास्तुक्षेत्रपाल-योगिनीभ्यः स्वाहा। ओं प्रधानेष्टदेवाय स्वाहा। सूर्यार्घ्यः— ओं ह्रंस।

# आरती क्या है और कैसे करनी चाहिए?

आरती को 'आरात्रिक' अथवा 'आरार्तिक' और 'नीराजन' भी कहते हैं। पूजाके अन्तमें आरती की जाती है। पूजनमें जो त्रुटि रह जाती है, आरती से उसकी पूर्ति होती है। स्कन्दपुराण में कहा गया है—

**मन्त्रहीनं क्रियाहीनं यत् कृतं पूजनं हरेः।**
**सर्वं सम्पूर्णतामेति कृते नीराजने शिवे॥**

'पूजन मन्त्रहीनं और क्रियाहीन होनेपर भी नीराजन (आरती) कर लेने से उसमें सारी पूर्णता आ जाती है।'

आरती करने का ही नहीं, आरती देखने का भी बड़ा पुण्य लिखा है। हरिभक्तिविलास में एक श्लोक है—

**नीराजनं च यः पश्येद् देवदेवस्य चक्रिणः।**
**सप्तजन्मनि विप्रः स्यादन्ते च परमं पदम्॥**

'जो देवदेव चक्रधारी श्रीविष्णुभगवान् की आरती (सदा) देखता है, वह सात जन्मोंतक ब्राह्मण होकर अन्तमें परमपदको प्राप्त होता है।,
विष्णुधर्मोत्तरमें आया है--

**धूपं चारात्रिकं पश्येत् कराभ्यां च प्रवन्दते ।**
**कुलकोटिं समुद्धृत्य याति विष्णोः परं पदम् ॥**

'जो धूप और आरती को देखता है और दोनों हाथोंसे आरती लेता है, वह करोड़ पीढ़ियों का उद्धार करता है और भगवान् विष्णुके परम-पदको प्राप्त होता है।'

आरती में पहले मूलमन्त्र (जिस देवता का जिस मन्त्र से पूजन किया गया हो, उस मन्त्र) के द्वारा तीन बार पुष्पाञ्जलि देनी चाहिये और ढोल, नगारे, शङ्ख, घड़ियाल आदि महावाद्योंके तथा जय जय कारके शब्दके साथ शुभ पात्रमें घृतसे या कपूरसे विषम संख्याकी अनेक बत्तियां जलाकर आरती करनी चाहिये ।

**ततश्च मूलमन्त्रेण दत्वा पुष्पाञ्जलित्रयम् ।**
**महानीराजनं कुर्याद् महावाद्यजयस्वनैः ॥**
**प्रज्वालयेत् तदर्थं च कर्पूरेण घृतेन वा ।**
**आरात्रिकं शुभे पात्रे विषमानेकवर्तिकम् ॥**

साधारणतः पांच बत्तियों से आरती की जाती है। इसे 'पञ्चप्रदीप' भी कहते हैं। एक, सात या उससे भी अधिक बत्तियों से आरती की जाती है। कपूर से भी आरती होती है। पद्मपुराण में आया है—

**कुङ्कुमागुरुकर्पूरघृतचन्दननिर्मिताः ।**
**वर्तिकाः सप्त वा पञ्च कृत्वा वा दीपवर्त्तिकाम् ॥**
**कुर्यात् सप्तप्रदीपेन शङ्खघण्टादिवाद्यकैः ।**

'कुङ्कुम, अगर, कपूर, घृत और चन्दनकी सात या पांच बत्तियां बनाकर अथवा दियेकी (रूई और घीकी) बत्तियां बनाकर सात बत्तियों

शङ्ख, घण्टा आदि बाजे बजाते हुए आरती करनी चाहिये ।

आरतीके पांच अङ्ग होते हैं —

> **पञ्च नीराजनं कुर्यात् प्रथमं दीपमालाया ।**
> **द्वितीयं सोदकाब्जेन तृतीयं धौतवाससा ॥**
> **चूताश्वत्थादिपत्रैश्च चतुर्थं परिकीर्तितम् ।**
> **पञ्चमं प्रणिपातेन साष्टाङ्गेन यथाविधि ॥**

'प्रथम दीपमालाके द्वारा, दूसरे जलयुक्त शङ्ख, तीसरे धुले हुए वस्त्र से, चौथे आम और पीपल आदिके पत्तोंसे और पांचवें साष्टाङ्ग दण्डवत् से आरती करे' ।

'आरती उतारते समय सर्वप्रथम भगवान्की प्रतिमाके चरणोंमें उसे चार बार घुमाये, दो बार नाभिदेशमें, एक बार मुखमण्डलपर और सात बार समस्त अङ्गोंपर घुमाये, । —

> **आदौ चतुः पादतले च विष्णोर्द्वौ नाभिदेशे मुखबिम्ब एकम् ।**
> **सर्वेषु चाङ्गेषु च सप्तवारानारात्रिकं भक्तजनस्तु कुर्यात् ॥**

यथार्थमें आरती पूजनके अन्तमें इष्टदेवताकी प्रसन्नताके हेतु की जाती है । इसमें इष्टदेवको दीपक दिखानेके साथ ही उनका स्तवन तथा गुणगान किया जाता है । आरतीके दो भाव हैं जो क्रमशः 'नीराजन' और 'आरती' शब्दसे व्यक्त हुए हैं । नीराजन ( निःशेषेण राजनम प्रकाशनम् ) का अर्थ है — विशेषरूपसे, निःशेषरूपसे प्रकाशित करना । अनेक दीप-बत्तियां जलाकर विग्रहके चारों ओर घुमानेका अभिप्राय यही है कि पूरा-का-पूरा विग्रह एड़ीसे चोटीतक प्रकाशित हो उठे — चमक उठे, अङ्ग-प्रत्यङ्ग स्पष्टरूपसे उद्भासित हो जाए, जिसमें दर्शक या उपासक भली-भांति देवताकी रूप-छटाको निहार सके, हृदयगम कर सके । दूसरा 'आरती' शब्द ( जो संस्कृतके आर्तिका प्राकृत रूप है और जिसका अर्थ है— अरिष्ट ) विशेषतः माधुर्य-उपासनासे सम्बन्धित है । 'आरती वारना'

का अर्थ है — आर्ति - निवारण, अनिष्टसे अपने प्रियतम प्रभुको बचाना। इस रूपमें यह एक तान्त्रिक क्रिया है, जिससे प्रज्वलित दीपक अपने इष्ट-देवके चारों ओर घुमाकर उनकी सारी विघ्न - बाधा टाली जाती है। आरती लेनेसे भी यही तात्पर्य है— उनकी 'आरती' (कष्ट) को अपने ऊपर लेना। बलैया लेना, बलिहारी जाना, बलि जाना, वारी जाना, न्योछावर होना आदि सभी प्रयोग इसी भावके द्योतक हैं। इसी रूप में छोटे बच्चोंकी माताएं तथा बहिनें लोकमें भी आरती ( या आरत ) उतारती हैं। यह **'आरती'** मूलरूपमें कुछ मन्त्रोच्चारणके साथ केवल कष्ट - निवारणके भावसे उतारी जाती रही होगी। आजकल वैदिक उपासनामें उसके साथ - साथ वैदिक मन्त्रोंका उच्चारण होता है तथा पौराणिक एवं तान्त्रिक उपासनामें उसके साथ सुन्दर - सुन्दर भावपूर्ण पद्य - रचनाएं गायी जाती हैं। ऋतु, पर्व, पूजाके समय आदि वेदोंसे भी आरती की जाती है।

## वैदिक आरती

ॐ ये देवासो दिव्येकादश स्थ पृथिव्यामध्येकादश स्थ।
अप्सुक्षितो महिनैकादश स्थ ते देवासो यज्ञमिमं जुषध्वम्॥
(यजुर्वेद ७ । १९)

ॐ आ रात्रि पार्थिवꣳ रजः पितुरप्रायि धामभिः।
दिवः सदाꣳसि बृहती वितिष्ठ स आ त्वेषं वर्तते तमः॥
(यजुर्वेध ३४ । ३२)

ॐ इदꣳहविः प्रजननं मे अस्तु दशवीरꣳ सर्वगणꣳ स्वस्तये।
आत्मसनि प्रजासनि पशुसनि लोकसन्यभयसनि।
अग्निः प्रजां बहुलां मे करोत्वन्नं पयो रेतो अस्मासु धत्त॥
(यजुर्वेद १९ । ४८)

## आरती भगवान् श्रीसत्यनारायणजी की

जय लक्ष्मीरमणा, स्वामी जय लक्ष्मीरमणा।
सत्यनारायण स्वामी जन-पातक-हरणा। जय०। टेक

रत्नजटित सिंहासन अद्भुत छबि राजे ।

नारद करत निराजन घंटा ध्वनि बाजे । जय० ।

प्रकट भये कलि कारण, द्विजको दरस दियो ।

बूढ़े ब्राह्मण बनकर कञ्चन-महल कियो । जय० ।

दुर्बल भील कठारो, जिनपर कृपा करी ।

चन्द्रचूड़ एक राजा, जिनकी बिपति हरी । जय० ।

वैश्य मनोरथ पायो, श्रद्धा तज दीन्हीं ।

सो फल भोग्यो प्रभुजी फिर अस्तुति कीन्हीं । जय० ।

भाव-भक्तिके कारण छिन-छिन रूप धरयो ।

श्रद्धा धारण कीनी, तिनके काज सरयो । जय० ।

ग्वाल-बाल संग राजा वन में भक्ति करी ।

मनवाञ्छित फल दीन्हों दीनदयालु हरी । जय० ।

चढ़त प्रसाद सवायो कदलीफल, मेवा ।

धूप-दीप-तुलसी से राजी सत्यदेवा । जय० ।

( सत्य ) नारायणजी की आरति जो कोइ नर गावै ।

तन-मन-सुख-सम्पति मन-वाञ्छित फल पावै । जय० ।

## स्तुति भगवान् श्रीरामचन्द्र जी की

श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन हरण भव भय दारुणम् ।
नवकंजलोचन, कज मुख कर-कंज पद-कंजारुणम् ॥१॥
कंदर्प अगणित अमित छबि, नवनील-नीरद-सुन्दरम् ।
पटपीत मानहु तड़ित रुचि शुचि नौमि जनक सुता-वरम् ॥२॥

भजु दीनबन्धु दिनेश दानव-दैत्यवंश-निकन्दनम् ।
रघुनन्द आनन्दकन्द कोशलचन्द दशरथ-नन्दनम् ॥३॥
सिर मुकुट कुण्डल तिलक चारु उदार अंग विभूषणम् ।
आजानुभुज शर-चाप-धर संग्राम-जित-खर-दूषणम् ॥४॥

इति वदति तुलसीदास शंकर-शेष-मुनि-मन-रंजनम् ।
मम हृदय कंज निवास कुरु कामादि-खल-दल-भंजनम् ॥५॥

मनु जाहिं राचेउ मिलिहि सो बरु सहज सुन्दर सांवरो।
करुना निधान सुजान सीलु सनेहु जानत रावरो ॥६॥
एहि भांति गौरि असीस सुनि सिय सहित हियं हरषीं अली।
तुलसी भवानिहि पूजि पुनि-पुनि मुदित मन मन्दिर चली ॥७॥
सो०—जानि गौरि अनुकूल सिय हिय हरषु न जाइ कहि।
मंजुल मंगल मूल बाम अंग फरकन लगे ॥

॥ सियावर रामचन्द्र की जय ॥

## ॥ आरती श्री रघुवर जी की ॥

आरती रघुवर लाला की। सांवरिया नैन विशाला की। टेक
कमल कर धनुषबाण धारे, छवि लख कोटि काम हारे,
सलोने नयना रतनारे, अलक की वलन, पलक की चलन,
पीतपट हलन, लटक सुन्दर वनमाला की। टेक

संग सिय शोभा की खानी, विराजे जगत् जननी रानी,
प्रेम रस भक्ति की सानी, भरत से वीर, लखन रणधीर,
प्रजा के वीर शत्रुघन रूपरसाला की। टेक

सदा तुम दीनन हितकारी, अधम केवट शवरी तारी,
गीध की कर्मगति न्यारी, सुरन के ईश, कोशलाधीश,
रक्ष जगदीश शुभहृदय सुखपाला की। टेक

चरण चापत अंजनि के लाला, प्रेम रस बांटत दीन दयाल,
बरस रही पुष्पों की जयमाल, भक्त भय हरण, सदा सुख करण,
हरिले शरण, जानकी नाथ कृपाला की टेक
संवरिया नैन विशाला की, आरती रघुवर लाला की।

## आरती भगवान् कुंजबिहारी जी की

आरती कुंजबिहारीकी। श्रीगिरधर कृष्णमुरारीकी॥ (टेक)
गले में बैजतीमाला, बजावै मुरलि मधुर बाला।
श्रवनमें कुण्डल झलकाला, नन्दके आनन्द नन्दलाला॥ श्रीगिरधर०॥

गगन सम अंग, कांति काली, राधिका चमक रही आली,
लसनमें ठाढ़े बनमाली,
भ्रमर-सी अलक, कस्तूरी-तिलक, चन्द्र-सी झलक,
ललित छबि स्यामा प्यारी की। श्रीगिरधर कृष्णमुरारीकी ।।
कनकमय मोर-मुकुट बिलसै, देवता दरसनको तरसैं,
गगन सों सुमन रासि वरसैं,

बजे मुरचंग, मधुर मिरदंग, ग्वालिनी संग,
अतुल रति गोपकुमारी की। श्रीगिरधर कृष्णमुरारीकी ।।
जहां ते प्रगट भई गंगा, सकल-मल-हारिणि श्रीगंगा,
स्मरन ते होत मोह-भंगा,

बसी सिव सीस, जटाके बीच, हरै अघ कीच,
चरन छबि श्रीबनवारीकी। श्रीगिरधर कृष्णमुरारीकी ।।
चमकती उज्ज्वल तट रेनू, बज रही बृन्दाबन वेनू,
चहूं दिसि गोपि ग्वाल धेनू,

हंसत मृदु मंद, चांदनी चंद, कटत भव-फंद,
टेर सुनु दीन दुखारीकी। श्रीगिरधर कृष्णमुरारीकी ।।
आरती कुंजबिहारीकी। श्रीगिरधर कृष्णमुरारीकी ।।

## श्रीराम - वन्दना

श्रीरामचन्द्र रघुपुङ्गव राजवर्य
राजेन्द्र राम रघुनायक राघवेश ।
राजाधिराज रघुनन्दन रामचन्द्र
दासोऽहमद्य भवतः शरणागतोऽस्मि ।।

## आरती श्रीअम्बा जी की

जय अम्बे गौरी मैया जय श्यामागौरी ।
तुमको निशिदिन ध्यावत हरि ब्रह्मा शिव री ।१। जय अम्बे०
मांग सिंदूर विराजत टीको मृगमदको ।
उज्ज्वलसे दोउ नैना, चंद्रवदन नीको ।२। जय अम्बे०

कनक समान कलेवर रक्ताम्बर राजै ।
रक्त - पुष्प गल माला, कण्ठनपर साजै ।३। जय अम्बे०
केहरि वाहन राजत, खडग खप्पर धारी ।
सुर - नर - मुनि - जन सेवत, तिनके दुखहारी ।४। जय अम्बे०
कानन कुण्डल शोभित, नासाग्रे मोती ।
कोटिक चद्र दिवाकर सम राजत ज्योति ।५। जय अम्बे०
शुम्भ निशुम्भ विदारे, महिषासुर - घाती ।
धूम्रविलोचन नैना निशिदिन मदमाती ।६। जय अम्बे०
चण्ड मुण्ड संहारे, शोणितबीज हरे ।
मधु कैटभ दोउ मारे, सुर भयहीन करे ।७। जय अम्बे०
ब्रह्माणी, रुद्राणी तुम कमलारानी ।
आगम - निगम - बखानी, तुम शिव पटरानी ।८। जय अम्मे०
चौंसठ योगिनि गावत, नृत्य करत भैरूं ।
बाजत ताल मृदंगा अरु बाजत डमरू ।९। जय अम्बे०
तुम ही जगकी माता, तुम ही हो भरता ।
भक्तनकी दुःख हरता सुख सम्पति करता ।१०। जय अम्बे०
भुजा चार अति शोभित, वर - मुद्रा धारी ।
मनवाञ्छित फल पावत, सेवत नर - नारी ।११। जय अम्बे०
कंचन थाल विराजत अगर कपुर बाती ।
(श्री) मालकेतुमें राजत कोटिरतन ज्योती ।१२। जय अम्बे०
(श्री) अम्बेजीकी आरति जो कोइ नर गावै ।
कहत शिवानन्द स्वामी, सुख सम्पति फल पावै ।१३। जय अम्बे०

## श्री जगदम्बा-वन्दना

अम्बा हास्यविलासिनी भगवती, बैठी हुई सामने,
देवैर्रचितपादपद्मयुगला, वीणा लिये हाथ में ।
धूपैः साधु सुधूपिताखिलतनु, गाती हुई ताल में,
देवानुक्तवती प्रसन्नवदना, मांगो जु है चाह में ।।

# आरती भगवान् जगदीश्वरजी की

ओं जय जगदीश हरे, प्रभु! जय जगदीश हरे ।।
भक्तजनोंके संकट छिनमें दूर करे । ओं।
जो ध्यावै फल पावै, दुख विनसै मनका । प्रभ०।
सुख-सम्पति घर आवै, कष्ट मिटै तनका । ओं।
मात-पिता तुम मेरे, शरण गहूं किसकी । प्रभु०।
तुम बिन और न दूजा, आस करूं जिसकी । ओं।
तुम पूरन परमातम, तुम अन्तर्यामी । प्रभु०।
पारब्रह्म परमेश्वर, तुम सबके स्वामी । ओं।
तुम करुणाके सागर तुम पालन-कर्ता । प्रभ०।
मैं मूरख खल कामी, कृपा करो भर्ता । ओं।
तुम हो एक अगोचर, सबके प्राणपती । प्रभु०।
किस विधि मिलू दयामय ! तमको मैं कुमती । ओं।
दीनबन्धु दुखहर्ता तम ठाकुर मेरे । प्रभु०।
अपने हाथ उठाओ, द्वार पड़ा तेरे । ओं।
विषय-विकार मिटाओ, पाप हरो देवा । प्रभ०।
श्रद्धा-भक्ति बढ़ाओ, संतनकी सेवा । ओं।

# कमल नेत्र स्तोत्र

श्री कमल नेत्र कटि पीताम्बर, अधर मुरली गिरधरम् ।
मुकुट कुण्डल कर लकुटिया, सांवरे राधेवरम् ।१।
कूल यमुना धेनु आगे, सकल गोपियन मन हरम् ।
पीत वस्त्र गरुड़ वाहन, चरण सुख नित सागरम् ।२
करत केल कलोल निश दिन, कुंज भवन उजागरम् ।
अजर अमर अडोल निश्चल, पुरुषोत्तम अपरा परम् ।३।
दीनानाथ दयाल गिरिधर, कंस हिरणाकश हरम् ।

गल फूल माल विशाल लोचन, अधिक सुन्दर केशवम् ४।
बंशीधर वसुदेव छइया, बलि छल्यो श्री वामनम्।
जल डूबते गज राख लीनों, लंक छेद्यो रावनम् ।५।
सप्त दीप नवखण्ड चौदह, भुवन कीनों एक पदम् ।
द्रोपदी की लाज राखी, कहां लौ उपमा करम् ।६।
दीनानाथ दयाल पूरण, करुणा मय करुणा करम ।
कविदत्तदास विलास निशदिन, नाम जप नित नागरम् ।७।
प्रथम गुरु जी के चरण बन्दौं, यस्य ज्ञान प्रकाशितम् ।
आदि विष्णु जुगादि ब्रह्मा, सेविते शिव शंकरम् ८।
श्रीकृष्ण केशव कृष्ण केशव, कृष्ण यदुपति केशवम् ।
श्रीराम रघुवर, राम रघुवर, राम रघुवर राघवम् ।९।
श्रीराम कृष्ण गोविन्द माधव, वासुदेव श्री वामनम् ।
मच्छ - कच्छ वाराह नरसिंह, पाहि रघुपति पावनम् ।१०।
मथुरा में केशवराय विराजे, गोकुल बाल मुकुन्द जी ।
श्री वृन्दावन में मदन मोहन, गोपीनाथ गोविन्द जी ।११।
धन्य मथुरा धन्य गोकुल, जहाँ श्री पति अवतरे ।
धन्य यमुना नीर निर्मल, ग्वाल बाल सखावरे ।१२।
नवनीत नागर करत निरन्तर, शिव विरंचि मन मोहितम् ।
कालिन्दी तट करत क्रीड़ा, बाल अद्‌भुत सुन्दरम् ।१३।
ग्वाल बाल सब सखा विराजे, संग राधे भामिनी ।
बंशी वट तट निकट यमुना, मुरली की टेर सुहावनी ।१४

भज राघवेश रघुवंश उत्तम, परम राजकुमार जो ।
सीता के पति भक्तन के गति, जगत प्राण आधार जो ।१५।
जनक राजा पनक राखी, धनुष बाण चढ़ावहीं ।
सती सीता नाम जाके, श्री रामचन्द्र प्रणामहीं ।१६।
जन्म मथुरा खेल गोकुल, नन्द के हृदि नन्दनम् ।
बाल लीला पतित पावन, देवकी वसुदेववकम् ।१७।
श्रीकृष्ण कलिमल हरण जाके, जो भजे हरिचरण को ।
भक्ति अपनी देव माधव, भवसागर के तरण को ।१८।
जगन्नाथ जगदीश स्वामी, श्री बद्रीनाथ विश्वम्भरम् ।
द्वारिका के नाथ श्री पति, केशवं प्रणमाम्यहम् ।१९।
श्रीकृष्ण अष्टपदपढ़तनिशदिन, विष्णु लोक सगच्छतम् ।
श्रीगुरु रामानन्द अवतार स्वामी, कविदत्त दास समाप्तम् ।२०।

सो० प्रनवउं पवनकुमार खल बन पावक ग्यानघन ।
जासु हृदय आगार बसहिं राम सर चाप धर ॥

## श्रीहनुमत्-स्तवन

अतुलितबलधामं हेमशैलाभदेहं
दनुजवनकृशानुं ज्ञानिनामग्रगण्यम् ।
सकलगुणनिधानं वानराणामधीशं
रघुपतिप्रियभक्तं वातजातं नमामि ॥
गोष्पदीकृतवारीशं मशकीकृतराक्षसम् ।
रामायणमहामालारत्नं वन्देऽनिलात्मजम् ॥

अञ्जनीनन्दनं वीरं जाकीशोकनाशनम् ।
कपीशमक्षहन्तारं वन्दे लङ्काभयङ्करम् ॥

उल्लङ्घ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं ।
यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः ॥
आदाय तेनैव ददाह लङ्का ।
नमामि तं प्रञ्जलिराञ्जनेयम् ॥

मनोजवं मारुततुल्यवेग जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ।
वातात्मजं वानरयूथमुख्यं श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये ॥

आञ्जनेयमतिपाटलाननं काञ्चनाद्रिकमनीयविग्रहम् ।
पारिजाततरुमूलवासिनं भावयामि पवमाननन्दनम ॥

यत्र-यत्र रघुनाथकीर्तनं तत्र-तत्र कृतमस्तकाञ्जलिम् ।
वाष्पवारिपरिपूर्णलोचनं मारुतिं ममत राक्षसान्तकम् ॥

## श्रीराम - वन्दना

आपदामपहर्तारं दातारं सर्वसम्पदाम् ।
लोकाभिरामं श्रीरामं भूयो भूयो नमाम्यहम् ॥

रामाय रामभद्राय रामचन्द्राय मानसे ।
रघुनाथाय नाथाय सीतायाः पतये नमः ॥

नीलाम्बुजश्यामलकोमलाङ्गं सीतासमारोपितवामभागम् ।
पाणौ महासायकचारुचापं नमामि रामं रघुवंशनाथम् ॥

## श्री भगवन्नाम

पापानलस्य दीप्तस्य मा कुर्वन्तु भयं नराः ।
गोविन्दनाममेघौघैर्नश्यते नीरबिन्दुभिः ॥

( गरुड़पुराण )

'हे मनुष्यो ! प्रदीप्त पापाग्नि को देखकर भय न करो। गोविन्दनामरूप मेघों के जलविन्दुओं से इसका नाश हो जायेगा।'

पापोंसे छटकर परमात्माके परमपद को प्राप्त करने के लिये शास्त्रों में अनेक उपाय बतलाये गये हैं। दयामय महर्षियों ने दुःखकातर जीवों के कल्याणार्थ वेदों के आधार पर अनेक प्रकार की ऐसी विधियां बतलायी हैं, जिनका यथाधिकार आचरण करने से जीव पापमुक्त होकर सदाके लिये निरतिशयानन्द परमात्मसुख को प्राप्त कर सकता है। परन्तु इस समय कलियुग है। जीवन की अवधि बहुत थोडी है। मनुष्यों की आयु प्रतिदिन घट रही है। आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक तापों की वृद्धि हो रही है। भोगों की प्रबल लालसा ने प्रायः सभी को विवश और उन्मत्त बना रक्खा है। कामनाओं के अशेष कलङ्कसे बुद्धिपर कालिमा छा गयी है।

हमारी इस दुर्दशा को महापुरुषों ने और भगवद्भक्तों ने पहले ही जान लिया था, इसी से उन्होंने दयापरवश हो हमारे लिये एक ऐसा उपाय बतलाया, जो इच्छा करने पर सहज ही में काम में लाया जा सकता है। परन्तु जिसका वह महान फल होता है; जो पूर्वकाल में बड़े-बड़े यज्ञ, तप और दान से भी नहीं होता था, वह है श्रीहरिनाम का जप, कीर्तन और स्मरण। वेदान्तदर्शन के निर्माता भगवान व्यासदेवरचित भागवत में ज्ञानिश्रेष्ठ शुकदेव जी महाराज शीघ्र ही मृत्यु को आलिङ्गन करने के लिये तैयार बैठे हुए राजा परीक्षित से पुकार कर कहते हैं—

**कलेर्दोषनिधे राजन्नस्ति ह्येको महान् गुणः ।**
**कीर्तनादेव कृष्णस्य मुक्तसङ्गः परं व्रजेत् ।।**
**कृते यद् ध्यायतो विष्णुं त्रेतायां यजतो मखैः ।**
**द्वापरे परिचर्यायां कलौ तद्धरिकीर्तनात् ।।**

(१२। ३। ५१-५२)

'हे राजन् ! इस दोषों से भरे हुए कलियुग में एक महान् गुण यह है कि केवल श्रीकृष्ण के 'नाम-कीर्तन' से ही मनुष्य कर्मबन्धन से मुक्त होकर

परमात्मा को प्राप्त कर लेता है। सत्ययुग में ध्यान से, त्रेता में यज्ञों से और द्वापर में परिचर्या से जो पद प्राप्त होता था वही कलियुग में केवल श्रीहरिनामकीर्तन से प्राप्त होता है।'

इसीलिये चार सौ वर्ष पूर्व बंगाल के नवद्वीप नामक स्थान में प्रेमावतार श्रीश्रीचैतन्यदेव ने अवतीर्ण होकर मुक्तकण्ठ से इसी बात की घोषणा की थी कि 'भय न करो, सबसे बड़ा प्रायश्चित और परमात्मा के प्रेमसम्पादन का परमोत्तम साधन 'श्रीहरिनाम' है।

शास्त्रों में नाम-महिमा के इतने अधिक प्रसङ्ग हैं कि उनकी गणना करना भी बड़ा कठिन कार्य है। इतना होते हुए भी जगत के सब लोग नाम पर विश्वास क्यों नहीं करते। नामका साधन तो कठिन नहीं प्रतीत होता। पूजा, होम, यज्ञ आदिमें जितना अधिक प्रयास और सामग्रियों का संग्रह करना पड़ता है, इसमें वह सब कुछ भी नहीं करना पड़ता।

नामके विस्तार में बड़ी बाधा पड़ती है, वह है नामको पापका साधन बना लेना।

पद्मपुराण का बचन है—

**नाम्नो बलाद् यस्य हि पापबुद्धिर्न विद्यते तस्य यमैर्हि शुद्धिः।**

जो नाम का सहारा लेकर पापोंमें प्रवृत्त होता है वह अनेक प्रकार की यम-यातना भोग करने पर भी शुद्ध नहीं होता।

**जो नर नामप्रताप बल, करत पाप नित आप।**
**बज्रलेप ह्वै जाय ते, अमिट सुदुष्कर पाप॥**

इसमें कोई सन्देह नहीं कि—

**परदाररतो वापि परापकृतिकारकः।**
**संशुद्धो मुक्तिमाप्नोति हरेर्नामानुकीर्तनात्॥**

(मत्स्यपुराण)

'परस्त्रीगामी और परपीडनकारी भी हरि-नाम-कीर्तन से शुद्ध होकर मुक्तिको प्राप्त हो जाता है।' इसमें भी कोई सन्देह नहीं कि भागवत के

कथनानुसार चोर, शराबी मित्रद्रोही, स्त्री, राजा, पिता, गौ तथा ब्राह्मण की हत्या करनेवाला, गुरुपत्नीगामी और अन्यान्य बड़े-बड़े पापों में रत रहने वाला पुरुष भी भगवान् के नाम-ग्रहणमात्र से तत्काल मुक्त हो जाता है।

**पातक उपपातक महा, जेंते पातक और ।**
**नाम लेते तत्काल सब, जरत खरत तेहि ठौर ॥**

'पहले कितने भी बड़े-बड़े पाप सञ्चित क्यों न हों, सच्चे मनसे भगवन्नाम लेते ही वे सब अग्नि में ईंधन की तरह जल जाते हैं; परन्तु इसका यह अर्थ नहीं कि भगवन्नाम लेनेवालों को पाप करने के लिये छूट मिल जाती है। भगवान का नाम भी लेंगे और साथ-ही साथ मनमाने पाप भी करते रहेंगे, इस प्रकार की जिनकी कुवासना है, उनके लिये तो फल उलटा ही होता है। नाम-महिमा की दुहाई देकर पाप करने वाले को नरक में भी जगह नहीं मिलती। जो लोग जान बूझ कर धन के लोभ से चोरी करके, परस्त्रीगमन करके, क्रोध या लोभवश हिंसा करके, गुरु-शास्त्रों का अपमान करके, मद्यपान, म्लेच्छ-भोजनादि करके, स्त्रीहत्या-भ्रूणहत्या करके और झूठी गवाही देकर या झूठा मामला सजा करके 'राम-राम' कह देते हैं और अपना छुटकारा मान लेते हैं, उनके पापों का नाश नहीं होता । उनके पाप तो वज्रलेप हो जाते हैं । ऐसे ही लोगों को देखकर अच्छे लोग भी नाम-महिमाको अर्थवाद ( स्तुतिमात्र ) समझकर नामपरायण नहीं होते हैं ।

**अश्रद्दधाने विमुखेऽप्यशृण्वति यश्चोपदेशः शिवनामापराधः ।**

'अश्रद्धालु, नामविमुख और सुनना न चाहनेवाले को नाम का उपदेश करना कल्याणरूप नाम का एक अपराध है ।'

## नामके दस अपराध

बतलाये गये हैं—(१) सत्पुरुषोंकी निन्दा, (२) नामोंमें भेदभाव, (३) गुरुका अपमान, (४) शास्त्रनिन्दा, (५) हरिनाममें अर्थवाद (केवल स्तुतिमात्र है ऐसी कल्पना), (६) नामका सहारा लेकर पाप करना, (७) धर्म, व्रत, दान, और यज्ञादिके साथ नामकी तुलना, (८) अश्रद्धालु,

हरि-विमुख और सुनना न चाहने वाले को नाम का उपदेश करना, (९) नामका माहात्म्य सुनकर भी उसमें प्रेम न करना और (१०) 'मैं'-'मेरे' तथा भोगादि विषयों में लगे रहना।

नाम लेने में कदापि इस लोक और परलोक के भोगों की जरा-सी भी कामना नहीं करनी चाहिये।

जो लोग भगवन्नाम का साधारण बातों में प्रयोग करते हैं वे वास्तव में भगवन्नाम की अपार महिमा से सर्वथा अनभिज्ञ हैं या उसपर उनका विश्वास नहीं है।

## नाम-भजन के कई प्रकार

हैं—जप, स्मरण और कीर्तन ! इनमें सबसे पहले जपकी बात कही जाती है। परमात्मा के जिस नाम में रुचि हो, जो अपने मनको रुचिकर हो, उसी नाम की परमात्मा की भावना से बार-बार अवृत्ति करने का नाम जप है। जपकी शास्त्रों में बड़ी महिमा है। जपको यव माना है और श्रीगीता जी में भगवान् के इस कथन से कि 'यवानां जपयज्ञोऽस्मि' (यज्ञों में जपयज्ञ मैं हूं) जपका महत्त्व बहुत ही बढ़ गया है।

## कलिसन्तरणोपनिषद्

—में नाम-जपकी विधि और उसके फलका बड़ा सुन्दर वर्णन है, पाठकों के लाभार्थ उसे यहां उद्धृत किया जाता है।

**हरिः ॐ। द्वापरान्ते नारदो ब्रह्माणं जगाम कथं भगवन् गां पर्यटन् कलिं सन्तरेयमिति ।१।**

द्वापर के समाप्त होने के समय श्रीनारदजी ने ब्रह्माजी के पास जाकर पूछा कि 'हे भगवन् ! मैं पृथ्वी की यात्रा करनेवाला कलियुग को कैसे पार करूं?'

**स होवाच ब्रह्मा साधु पृष्टोऽसि सर्वश्रुतिरहस्यं गोप्यं तच्छृणु येन कलिसंसारं तरिष्यसि। भगवत आदिपुरुषस्य नारायणस्य नामोच्चारणमात्रेण निर्धूतकलिर्भवति ।२।**

'ब्रह्माजी बोले कि तुमने बड़ा उत्तम प्रश्न किया है। सम्पूर्ण श्रुतियों का जो गूढ़ रहस्य है, जिससे कलि-संसार से तर जाओगे, उसे सुनो। उस आदिपुरुष भगबान् नारायण के नामोच्चारणमात्र से ही कलि के पातकों से मनुष्य मुक्त हो सकता है।'

**नारदः पुनः पप्रच्छ। तन्नाम किमिति। स होवाच हिरण्यगर्भः।**

**हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।**
**हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे॥**

**इति षोडशकं नाम्नां कलिकल्मषनाशनम्।**
**नातः परतरोपायः सर्ववेदेषु दृश्यते॥**

**इति षोडशकलावृतस्य पुरुषस्य आवरणविनाशनम्।**

**ततः प्रकाशते परं ब्रह्म मेघापाये रविरश्मिमण्डलीवेति।३।**

'श्रीनादजीने फिर पूछा कि वह भगवान् का नाम कौन्-सा है?' ब्रह्माजीने कहा वह नाम है—

**हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।**
**हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे॥**

इन सोलह नामोंके उच्चारण करनेसे कलिके सम्पूर्ण पातक नष्ट हो जाते हैं। सम्पूर्ण वेदोंमें इससे श्रेष्ठ और कोई उपाय नहीं देखनेमें आता। इन सोलह कलाओंसे मुक्त पुरुषका आवरण (अज्ञानका परदा) नष्ट हो जाता है और मेघोंके नाश होनेसे जैसे सूर्यकिरणसमूह प्रकाशित होता है वैसे ही आवरणके नाश ब्रह्मका प्रकाश हो जाता है।

**पुनर्नारदः पप्रच्छ भगवन् कोऽस्य विधिरिति। तं होवाच नास्य विधिरिति। सर्वदा शुचिरशुचिर्वा पठन् ब्राह्मणः सलोकतां समीपतां सरूपतां सायुज्यतामेति।४।**

'नारदजी ने फिर पूछा कि हे भगवान्! इनकी क्या विधि है?' ब्रह्मा जी ने कहा कि (कोई विधि नहीं है। सर्वदा शुद्ध हो या अशुद्ध, नामोच्चारण

मात्र से ही सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य और सायुज्य-मुक्ति मिल जाती है।'

**यदास्य षोडशकस्य सार्धत्रिकोटिर्जपति तदा ब्रह्महत्यां तरति।**
**स्वर्णस्तेयात् पूतो भवति। वृषलीगमनात् पूतो भवति।**
**सर्वधर्मपरित्यागपापात् सद्यः शुचितामाप्नुयात्।**
**सद्यो मुच्यते सद्यो मुच्यते इत्युपनिषत्।५।**

ब्रह्माजी फिर कहने लगे कि यदि कोई पुरुष इन सोलह नामों के साढ़े तीन करोड़ जप कर ले तो वह ब्रह्महत्या, स्वर्ण की चौरी, शूद्र-स्त्री-गमन और सर्वधर्मत्यागरूपी पापों से मुक्त हो जाता है। वह तत्काल मुक्ति को प्राप्त होता है। तत्काल ही मुक्ति को प्राप्त होता है।'

श्रीभगवान् बतलाते हैं—

**अनन्यचेताः सततं यो मां स्मरति नित्यशः।**
**तस्याहं सुलभः पार्थ नित्ययुक्तस्य योगिनः॥**

(गीता ८।१४)

'जो पुरुष अनन्यचित होकर सदा-सर्वदा मुझे स्मरण करता है उस मुझे निरन्तर स्मरण करने वाले योगीके लिये मैं सुलभ हूं।

गोसाईंजी महाराज ने भी कहा है—

**कामिहि नारि पिआरि जिमि लोभिहि प्रिय जिमि दाम।**
**तिमि रघुनाथ निरंतर प्रिय लागहु मोहि राम॥**

कल्याण चाहने वाले लोगों को चाहिये कि वे मन में विषयों के बदले धीरे-धीरे भगवान् को स्थान दें।

नियम कर लेना चाहिये कि मनसे इतने नाम-जप प्रति दिन अवश्य करेंगे। कम-से-कम उतना जप तो प्रतिदिन हो ही जाना चाहिए।

नाम-स्मरण करते-करते जब स्मरण की बान पड़ जाती है तब तो मन कभी उसे छोड़ता ही नहीं। स्मरण से क्या नहीं होता? यदि अन्तकाल में परमात्मा के नाम का स्मरण हो जाय तो उसके मोक्ष में जरा-सा भी सन्देह

नहीं रह जाता। भगवान् ने अर्जुन से कहा है कि—

**अन्तकाले च मामेव स्मरन्मुक्त्वा कलेवरम् ।**
**यः प्रयाति स मद्भावं याति नास्त्यत्र संशयः ।।**

'जो पुरुष मृत्युकाल में मुझे स्मरण करता हुआ शरीर त्यागकर जाता है वह मुझे ही प्राप्त होता है, इसमें कोई सन्देह नहीं !'

जब मनुष्य किसी दुःखसे घबराकर जगत्के सहायकोंसे निराश होकर भगवान्से आश्रय-याचना करता हुआ जोरसे उनका नाम लेकर पुकारता है तब भगवान् उसी समय भक्तकी इच्छाके अनुकूल स्वरूप धारण कर उसे दर्शण देते और उसका दुःख दूर करते हैं । श्रीभगवान्के रामावतार और कृष्णावतारमें असुरोंके द्वारा पीड़ित सुर-मुनियोंने मिलकर पहले आर्तस्वरसे कीर्तन ही किया था ।

सबसे निराश होनेके बाद ही भगवान् की अनन्य स्मृति हुआ करती है। दुःशासन बड़े जोरसे साड़ी खींचता है । एक झटका और लगते ही द्रौपदीकी लज्जा जा सकती है द्रौपदीकी उस समय की दीन अवस्था हम लोगोंकी कल्पनामें भी पूरी नहीं आ सकती । महलोंके अन्दर रहनेवाली एक राजरानी, पृथ्वीके सबसे बड़े पांच वीरों द्वारा रक्षिता कुलरमणी रजस्वला-अवस्थामें बड़े-बूढ़े तथा वीर पतियोंके सामने नंगी की जाती हो, उस समय उसको कितनी मर्मवेदना होती है इस बातको वही जानती है। कवियोंकी कलम शायद कुछ कल्पना करे । खैर, द्रौपदीने निराश होकर भगवान्का स्मरण किया और वह व्याकुल होकर पुकार उठी—

**गोविन्द द्वारकावासिन् कृष्ण गोपीजनप्रिय ।**
**कौरवैः परिभूतां मां किं न जानासि केशव ।।**
**हे नाथ हे रमानाथ व्रजनाथार्तिनाशन ।**
**कौरवार्णवमग्नां मामुद्धरस्व जनार्दन ।।**
**कृष्ण कृष्ण महायोगिन् विश्वात्मन् विश्वभावन ।**
**प्रपन्नां पाहि गोविन्द कुरुमध्येऽवसीदतीम् ।।**

'हे द्वारकावासी गोविन्द ! हे गोपीजनप्रिय कृष्ण ! क्या मुझ
रवोंसे घिरी हुईको तू नहीं जानता ? हे नाथ; रमानाथ, व्रजनाथ,
व्रनाशक जनार्दन ! मुझ कौरवरूपी समुद्रमें डूबी हुईका उद्धार कर !
विश्वात्मा ! विश्वभावन कृष्ण ! हे महायोगी कृष्ण ! कौरवोंके बीच
हताश होकर तेरे शरण आनेवाली मुझको तू बचा !'

व्याकुलतापूर्ण नामकीर्तनका फल तत्काल होता है, जब सबकी आशा
ड़कर केवलमात्र परमात्मापर भरोसा कर उसे एक मनसे कोई पुकारता
तब वह करुणासिन्धु भगवान् एक क्षण भी निश्चिन्त और स्थिर नहीं
ह सकता । उसे भक्तके कामके लिये दौड़ना ही पड़ता है । नामकी
कार होते ही द्रौपदीके वस्त्रोंमें भगवान् आ घुसे, वस्त्रावतर हो गया !
स्त्रका ढेर लग गया । दस हजार हाथियोंका बल रखनेवाली वीर दुःशासन
ी भुजाएं फटने लगीं ।

भक्त सूरदासजी कहते हैं—

**सुन री मैंने निरबल के बल राम ।**
**पिछली साख भरूं संतनकी, आड़े संवारे काम ॥१॥**
**जब लगि गज बल अपनो बरत्यो, नेक सरचो नहि काम ।**
**निरबल ह्वै बल राम पुकारचो, आये आधे नाम ॥२॥**
**द्रुपद-सुता निरबल भइ ता दिन, तजि आये निज धाम ।**
**दुस्सासनकी भुजा थकित भई, बसनरूप भये स्याम ॥३॥**
**अप-बल तप-बल और वाहु-बल, चौथो है बल दाम ।**
**'सुर' किसोर कृपातें सब बल, हारेको हरिनाम ॥४॥**

इसी प्रकार गजराजकी कथा प्रसिद्ध है । वहां भी इसी तरहकी
व्याकुलतापूर्ण नामकी पुकार थी । यदि आज भी कोई यों ही सच्चे मनसे
व्याकुल होकर पुकारे तो यह निश्चय है कि उसके लोक-परलोक दोनोंकी
सिद्धि निश्चितरूपेण हो सकती है । इस बातका कई लोगोंको कई तरह
का प्रत्यक्ष अनुभव है । अतएव प्रातःकाल, सायंकाल, रातको सोते समय
भगवान्‌का कीर्तन अवश्य करना चाहिये । जहांतक हो सके कीर्तन निष्काम
एवं केवल प्रेमभावसे ही करना उचित है ।

प्रेमभरे कीर्तनमें कीर्तनके नायक भगवान् स्वयं उपस्थित रहते हैं। उनका यह प्रण है—

नाहं वसामि वैकुण्टे योगिनां हृदये न च ।
मद्भक्ता यत्र गायन्ति तत्र तिष्ठामि नारद ।।

( आदिपु० १९। ३५ )

'मैं वैकुण्ठमें या योगियोंके हृदयमें नहीं रहता। मेरे भक्त जहां मिलकर मेरा गान करते हैं मैं वहीं रहता हूं ।'

वामनपुराणका वचन है—

नारायणो नाम नरो नराणाँ
प्रसिद्धचौरः कथितः पृथिव्याम् ।
अनेकजन्मार्जितपापसञ्चयं
हरत्यशेषं श्रुतमात्र एव ।।

'पृथ्वीमें नारायण-नामरूपी नर प्रसिद्ध चोर कहा जाता है; क्योंकि वह कानोंमें प्रवेश करते ही मनुष्योंके अनेक जन्मार्जित पापोंके सारे सञ्चय को एकदम चुरा लेता है ।'

न नामसदृशं ज्ञानं न नामसदृशं व्रतम् ।
न नामसदृशं ध्यानं न नामसदृशं फलम् ।।

न नामसदृशस्त्यागो न नामसदृशः शमः ।
न नामसदृशं पुण्यं न नामसदृशी गतिः ।।

नामैव परमा मुक्तिर्नामैव परमा गतिः ।
नामैव परमा शान्तिर्नामैव परमा स्थितिः ।।

नामैव परमा भक्तिर्नामैव परमा मतिः ।
नामैव परमा प्रीतिर्नामैव परमा स्मृतिः ।।

नामैव कारणं जन्तोर्नामैव प्रभुरेव च ।
नामैव परमाराध्यो नामैव परमो गुरुः ॥

'नामके समान न ज्ञान है न व्रत है, न ध्यान है, न फल है, न दान है, न शम है, न पुण्य है, और न कोई आश्रय है । नाम ही परम मुक्ति है, नाम ही परम गति है, नाम ही परम शान्ति है, नाम ही परम निष्ठा है, नाम ही परम भक्ति है, नाम ही परम बुद्धि है, नाम ही परम प्रीति हैं, नाम ही परम स्मृति है; नाम ही जीवका कारण है, नाम ही प्रभ है, नाम ही परम आराध्य है और नाम ही परम गुरु है ।,

गोसाईंजी महाराज कहते हैं—

धन्य धन्य माता पिता, धन्य पुत्रवर सोइ ।
तुलसी जो रामहि भजें, जैसेहु कैसेहु होइ ॥
तुलसी जाके बदनते, धोखेहु निकसत राम ।
ताके पगकी पगतरी, मोरे तनुको चाम ॥
तुलसी भक्त श्वपच भलो, भजै रैन दिन राम ।
ऊंचो कुल केहि कामको, जहां न हरि को नाम ॥
अति ऊंचो भूधरनपर, भुजगनके अस्थान ।
तुलसी अति नीचे सुखद, ऊख अन्न अरु पान ॥

सब मिलकर बोलो श्रीभगवन्नामकी जय !

## रामतारकषडक्षरमहामन्त्रः ।

अस्य श्रीरामतारकषडक्षरमहामन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीरामचन्द्रः परमात्मा देवता रां बीजं नमः शक्तिः रामायेति कीलकं श्रीरामचन्द्रप्रीत्यर्थं रामतारकषडक्षरमहामन्त्रजपे विनियोगः ।

### वर्णन्यासः

रां ब्रह्मरंध्रे । रां भ्रूमध्ये । मां हृदि । यं नाभौ । नं अण्डेषु । मः पादयोः ।

### करन्यासः ।

रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः । रीं तर्जनीभ्यां नमः । रूं मध्यमाभ्यां नमः । रैं अनामिकाभ्यां नमः । रौं कनिष्ठिकाभ्यां नमः । रः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः ।

अङ्गन्यासः ।

रां हृदयाय नमः । रीं शिरसे स्वाहा रूं शिखायै वषट् । रैं कवचाय हुम् । रौं नेत्रत्रयाय बौषट् । रः अस्त्राय फट् । भूर्भुवस्स्वरोमिति दिग्बंधः ।

## ध्यानम्

कालाम्भोधर कान्तिकान्तमनिशं वीरासनाध्यासितं ।
मुद्रां ज्ञानमयीं दधानमपरां रक्ताम्बुजं जानुनि ।
सीतां पार्श्वगतां सरोरुहकरां विद्युन्निभं राघवं ।
पश्यतं मुकुटाङ्गदादि विबुधान् कल्पोज्ज्वलाङ्गं भजे ।

मूल मन्त्रः—ओं रां रामाय नमः ।

## गायत्रीरामायणम् ।

चतुर्विंशत्सहस्राणि श्लोकानामुक्तवानृषिः ।
तथा सर्गशतान्पञ्च षट् काण्डानि तथोत्तरम् ॥ रा. बाल. स. ४ श्लो. २ ।

| चतुर्विशत्यक्षराणि | | काण्डम् सर्ग श्लो. पृ. |
|---|---|---|
| त | तपःस्वाध्यायनिरतं तपस्वी वाग्विदां वरम् । | |
| | नारदं परिपप्रच्छ वाल्मीकिर्मुनिपुङ्गवम् ।१। | बाल ।१।१।१। |
| स | स हत्वा राक्षसान् सर्वान्यज्ञघ्नान् रघुनन्दनः । | |
| | ऋषिभिः पूजितस्तत्र यथेन्द्रो विजये पुरा ।२। | ,, ।३०।२४।४८। |
| वि | विश्वामित्रः सरामस्तु श्रुत्वा जनकभाषितम् । | |
| | वत्स रामधनुः पश्य इति राघवमब्रवीत् ।३। | ,, ।६७।१२।८८। |
| तु | तुष्टावास्य तदा वंशं प्रविश्य स विशांपतेः । | |
| | शयनीयं नरेन्द्रस्य तदासाद्य व्यतिष्ठत ।४। | अयोध्या ।१५।१६।१३०। |
| व | वनवासं हि सङ्ख्याय वासांस्याभरणानि च । | |
| | भर्तारमनुगच्छन्त्यै सीतायै श्वशुरो ददौ ।५। | ,, ।४।१४।१७२। |
| रा | राजा सत्यं च धर्मश्च राजा कुलवतां कुलम् । | |
| | राजा माता पिता चैव राजा हितकरो नृणाम् ।६। | ,, ।६७।३४।२१५। |
| नि | निरीक्ष्य स मुहूर्तं तु ददर्श भरतो गुहम् । | |

उटजे राममासीनं जटामण्डलधारिणम् ।७। ,, ।६।९२५।२५६।

य यदि बुद्धिः कृता द्रष्टुमगस्त्यं तं महामुनिम् ।

अद्यैव गमने बुद्धिं रोचयस्व महामते ।८। अरण्य ।११।४४।३००।

भ भरतस्यार्यपुत्रस्य श्वश्रूणां मम च प्रभो ।

मृगरूपमिदं दिव्यं विस्मयं जनयिष्यति ।९। ,, ।४३।१८।१४५।

ग गच्छ शीघ्रमितो वीर सुग्रीवं तं महाबलम् ।

वयस्यं तं कुरु क्षिप्रमितो गत्वाद्य राघव ।१०। ,, ।७२।१७।३८९।

दे देशकालौ भजस्वाद्य क्षममाणः प्रियाप्रिये।

सुखदुःखसहः काले सुग्रीववशगो भव ।११। किष्किन्धा ।२२।२०।४३५

ब बन्दितव्यास्तपःसिद्धास्तपसा वीतकल्मषाः ।

प्रष्टव्या चापि सीतायाः प्रवृत्तिर्विनयान्वितैः ।१२। ,, ।४३।३३।४७८।

स सनिर्जित्यपुरीं लङ्कां श्रेष्ठां तां कामरूपिणीम् ।

विक्रमेण महातेजा हनूमान् कपिसत्तमः ।१३। सुन्दर ।४।१।५२२।

ध धन्या देवाः सगन्धर्वाः सिद्धाश्च परमर्षयः ।

मम पश्यन्ति ये वीरं रामं राजीवलोचनम् ।१४। ,, ।२६।४१।५६०।

म मङ्गलाभिमुखी तस्य सा तदासीन्महाकपेः ।

उपतस्थे विशालाक्षा प्रयता हव्यवाहनम् ।१५। ,, ।५३।२७।६०९।

हि हितं महार्थं मृदुहेतुसंहितं व्यतीतकालायति संप्रतिक्षमम् ।

निशम्य तद्वाक्यमुपस्थितज्वरः प्रसङ्गवानुत्तरमेतदब्रवीत् ।१६। युद्ध ।१०।२८।६५३।

ध धर्मात्मा राक्षसश्रेष्ठः संप्राप्तोऽयं विभीषणः ।

लङ्कैश्वर्यमिदं श्रीमान् ध्रुवं प्राप्स्येत्यकण्टकम् ।१७। ,, ।४१।६८।७५०।

यो यो वज्रपाताशनिसन्निपातान्न चुक्षुभे नापि चचाल राजा ।

स रामबाणाभिहतो भृशार्तः चचाल चापं च मुमोच वीरः ।१८। ,, ।५९।१४१।७४४।

य यस्य विक्रममासाद्य राक्षसा निधनं गताः ।

तं मन्ये राघवं वीरं नारायणमनामयम् ।१९। ,, ।७२।११।७८२।

न न ते ददृशिरे रामं दहन्तमरिवाहिनीम् ।

मोहिताः परमास्त्रेण गांधर्वेण महात्मना ।२०। ,, ।९३।२६।८२६।

प्र प्रणम्य दैवतेभ्यश्च ब्राह्मणेभ्यश्च मैथिली ।

बद्धाञ्जलिपुटा चेदमुवाचाग्निसमीपतः ।२१। ,, ।९३।२६।८२६।

च चालनात्पर्वतस्यैव गणा देवस्य कम्पिताः ।
चचाल पार्वती चापि तदाश्लिष्टा महेश्वरम् ।२२। उत्तर ।१६।२६।६२१।

द दाराः पुत्रः पुरं राष्ट्रं भोगाच्छादनभोजनम् ।
सर्वमेवाविभक्तं नौ भविष्यति हरीश्वर ।२३। ,, ।३४।४१।६६७।

य यामेव रात्रिं शत्रुघ्नः पर्णशालामुपाविशत् ।
तामेव रात्रिं सीतापि प्रसूता दारकद्वयम् ।२४। ,, ।६६।१।१०१८।

## वेदोक्तराममन्त्रः ।

भद्रो भद्रया सचमान आगात्स्वसारं जारो अभ्येति पश्चात् ।
सुप्रकेतैर्द्युभिरग्निर्वितिष्ठन्नुशद्भिर्वर्णैरभि राममस्थात् ।। ऋग्वेद मं० १० सू० ३ मन्त्र ३ ।

## ।। श्रीआदित्यहृदयस्तोत्र ।।

ततो युद्धपरिश्रान्तं समरे चिन्तया स्थितम् ।
रावणं चाग्रतो दृष्ट्वा युद्धाय समुपस्थितम् ।१।

दैवतैश्च समागम्य द्रष्टुमभ्यागतो रणम् ।
उपागम्याब्रवीद्राममगस्त्यो भगवांस्तदा ।२।

राम राम महाबाहो शृणु गुह्यं सनातनम् ।
येन सर्वानरीन् वत्स समरे विजयिष्यसे ।३।

आदित्यहृदयं पुण्यं सर्वशत्रुविनाशनम् ।
जपावहं जपन्नित्यमक्षयं परमं शिवम् ।४।

सर्वमङ्गलमाङ्गल्यं सर्वपापप्रणाशनम् ।
चिन्ताशोक – प्रशमनमायुर्वर्धन – मुत्तमम् ।५।

रश्मिमन्तं समुद्यन्तं देवासुरनमस्कृतम् ।
पूजयस्व विवस्वन्तं भास्करं भुवनेश्वरम् ।६।

सर्वदेवात्मको ह्येष तेजस्वी रश्मिभावनः ।
एषा देवासुरगणांल्लोकान्पाति गभस्तिभिः ।७।

एष ब्रह्मा च विष्णुश्च शिवः स्कन्दः प्रजापतिः ।
महेन्द्रो धनदः कालो यमः सोमो ह्यपांपतिः ।८।

पितरो वसवः साध्या अश्विनौ मरुतो मनुः ।
वायुर्वह्निः प्रजाः प्राण ऋतुकर्ता प्रभाकरः ।९।

आदित्यः सविता सूर्यः खगः पूषा गभस्तिमान् ।
सुवर्णसदृशो भानुर्हिरण्यरेता दिवाकरः ।१०।

हरिदश्वः सहस्रार्चिः सप्तसप्तिर्मरीचिमान् ।
तिमिरोन्मथनः शम्भुस्त्वष्टा मार्तण्डकोऽशुमान् ।११।

हिरण्यगर्भः शिशिरस्तपनोऽहस्करो रविः ।
अग्निगर्भोऽदितेःपुत्रः शंखः शिशिरनाशनः ।१२।

व्योमनाथस्तमोभेदी ऋग्यजुः सामपारगः ।
घनवृष्टिरपां मित्रो विंध्यवीथी प्लवंगमः ।१३।

आतपी मण्डली मृत्युः पिङ्गलः सर्वतापनः ।
कविर्विश्वो महातेजारक्तः सर्वभवोद्भवः ।१४।

नक्षत्रग्रहताराणामधिपो विश्वभावनः ।
तेजसामपि तेजस्वी द्वादशात्मन्नमोऽस्तुते ।१५।

नमः पूर्वाय गिरये पश्चिमायाद्रये नमः ।
ज्योतिर्गणानां पतये दिनाधिपतये नमः ।१६।

जयाय जयभद्राय हर्यश्वाय नमो नमः ।
नमो नमः सहस्रांशो आदित्याय नमो नमः ।१७।

नमः उग्राय वीराय सारंगाय नमो नमः ।
नमः पद्मप्रबोधाय प्रचण्डाय नमोस्तुते ।१८।
ब्रह्मेशानाच्युतेशाय सूरायादित्यवर्चसे ।
भास्वते सर्वभक्षाय रौद्राय वपुषे नमः ।१६।
तमोघ्नाय हिमघ्नाय, शत्रुघ्नायामितात्मने ।
कृतघ्नघ्नाय देवाय ज्योतिषां पतये नमः ।२०।
तप्तचामीकराभाय हरये विश्वकर्मणे ।
नमस्तमोभिनिघ्नाय रुचये लोकसाक्षिणे ।२१।
नाशयत्येष वै भूतं तमेव सृजति प्रभुः ।
पायत्येष तपत्येष वर्षत्येष गभस्तिभिः ।२२।
एष सुप्तेषु जागर्ति भूतेषु परिनिष्ठितः ।
एष चैवाग्निहोत्रं च फल चैवाग्निहोत्रिणाम् ।२३।
देवाश्च क्रतवश्चैव क्रतूनां फलमेव च ।
यानि कृत्यानि लोकेषु सर्वेषु परमप्रभुः ।२४।
एनमापत्सु कृच्छ्रेषु कांतारेषु भयेषु च ।
कीर्तयन्पुरुषः कश्चिन्नावसीदति राघव ।२५।
पूजयस्वैनमेकाग्रो देवदेवं जगत्पतिम् ।
एतत्त्रिगुणितं जप्त्वा युद्धेषु विजयिष्यति ।२६।
अस्मिन्क्षणे महाबाहो रावणं त्वं जहिष्यसि ।
एव मुक्त्वा ततोऽगस्त्यो जगाम स यथागतम् ।२७।
एतच्छ्रुत्वा महातेजा नष्टशोकोऽभवत्तदा ।
धारयामास सुप्रीतो राघवः प्रयतात्मवान् ।२८।

आदित्यं प्रेक्ष्य जप्त्वेदं परं हर्षमवाप्तवान् ।
त्रिराचम्य शुचिर्भूत्वा धनुरादाय वीर्यवान् ।२९।
रावणं प्रेक्ष्य हृष्टात्मा जयार्थं समुपागमत् ।
सर्वंयत्नेन महता वृतस्तस्य वधेऽभत् ।३०।

अथ रविरवदन्निरीक्ष्यरामं मुदितमनाः परमं प्रहृष्यमाणः ।
निशिचरपतिसंक्षयं विदित्वा सुरगणमध्यगतो वचस्त्वरेति ।३१।

## एकश्लोकी - रामायणम्

आदौ राम-तपोवनादि-गमनं हत्वा मृगं काञ्चनं
वैदेही हरणं जटायुमरणं सुग्रीव-सम्भाषणम् ।
बालीनिर्दलनं समुद्रतरणं लङ्कापुरीदाहनं
पश्चाद् रावण-कुम्भकर्णहननं चैतद्धि रामायणम् ।

## एकश्लोकी - भागवतम्

आदौ देवकि-देवगर्भ-जननं गोपीगृहे वर्धनं
मायापूतन-जीवितापहरणं गोवर्द्धनोद्धारणम् ।
कंसच्छेदन - कौरवादिहननं कुन्तीसुतापालनं
एतद्भागवतं पुराणकथितं श्री कृष्णलीलामृतम् ।।

## एकश्लोकी - महाभारतम्

आदौ पाण्डव धार्तराष्ट्रजननं लाक्षागृहे दाहनं-
द्युते श्रीहरणं वने विचरणं मत्स्यालये वर्तनम् ।
लीला-गो-ग्रहणं रणे विहरणं सन्धिक्रियाजृम्भणं
पश्चाद् भीष्म-सुयोधनादि-हननं चैतन्महाभारतम् ।।

## एकश्लोकी - दुर्गा

या दुर्गा मधुकैटभप्रमथिनी या माहिषोन्मर्दिनी ।
या धूम्रेक्षणचण्डमुण्डदलिनी या रक्तबीजाशिनी ॥
या श्रीः शुम्भनिशुम्भदैत्यदलिनी या ब्रह्मविद्याप्रदा ।
सा देवी नवकोटिमूर्तिसहिता मां पातु विश्वेश्वरी ।

## ग्रहजातकम्

सप्तमीभरणी सूर्ये चन्द्रेचित्रात्रयोदशी । (चतुर्दशी
उषाभौमे च दशमी धनिष्ठा नवमी बुधे ।
जीवोत्तरफारुद्रो(एकादशी)ज्येष्ठाभेनवमी भृगौ ।
पौष्णाष्टमीशनिर्जातः राहुर्भरणी पूर्णिमा ।
अमाऽऽश्लेषाभवः केतुः तिथि भं ग्रहजातकम् ।
(वैशाखेऽमातिथौ पौष्ण्ये शनिर्जात इतीरितम् ।
शनेर्जयन्ती साज्ञेया व्रतपूजां तदा चरेत् ।)
ग्रहजातक उद्वाहविद्याभ्यास कृषिक्रिया ।
प्रवेशं च प्रवासश्च प्रतिष्ठा व्रतदीक्षणम् ।
वाणिज्यं च विवादं च सेवादीनां क्रमेण च ।
वर्जयेत्सर्वकार्येषु तिथ्यृक्षग्रहजातकम् ।
विवाहेऽपि च वैधव्यं प्रवासे क्लेशमादिशेत् ।
गृहप्रवेशे दाहार्तिः सेवाभवति निष्फला ।
चैत्यध्वंसःप्रतिष्ठायां दीक्षायां व्रतहानिदम् ।
विद्यारम्भे च मूर्खत्वं कृषिश्च निष्फलोदिता ।
भस्मत्वं वस्त्रकार्येषु मुनिभिः परिकीर्तितम् ।

# आरती

कर्पूरगौरं करुणावतारं संसारसारं भुजगेन्द्रहारम् ।
सदा वसन्तं हृदयारविन्दे भवं भवानीसहितं नमामि ॥

## शिवजी की आरती

जय शिव ओंकारा, स्वामी हर भज ओंकारा ।
भोले ऊपर जलधारा, शिव पारवती का प्यारा, भोले
ओढ़त मृगछाला, भोले गल मोतियन माला ।
संतो बोलो जय कारा ॥

ब्रह्मा विष्णु सदाशिव, भोले भाले नाथ महादेव ।
अर्धांगी गौरां ॥ ओं हर हर हर महादेव ।

एकानन चतुरानन पंचानन राजे । भोले०
हंसानन गरुडासन वृषवाहन साजे । ओं हर०
दो भुज चार चतुर भुज अष्ट भुज तुम सोहे । भोले०
तीनों रूप निरन्तर त्रिभुवन जग मोहे । ओं हर०
श्वेताम्बर पीताम्बर बाघाम्बर अंगे । भोले०
सनकादिक ब्रह्मादिक भूतादिक संगे । ओं हर०
अक्षमाला, वनमाला, रुण्डमाला धारी । भोले०
चन्दन मृगमद लेपन भाले शशि धारी । ओं हर०
कर में कमण्डल चक्र त्रिशूल धरता । भोले०
जग हरता जग करता जग पालन करता । ओं हर०
गायत्री पारबती लक्ष्मी के वर विष्णु । भोले०
पारवती अर्धांगी शिव गौरां संगे । ओं हर०
ब्रह्माविष्णु सदाशिव तीनों एक सरूपा अन्तर न करसों । भोले०
हर २ जपते ब्रह्मा शिव २ रटते विष्णु भव सागर तरसों । ओं हर०
सच्चदानन्द स्वरूपा त्रिभुवन के राजे । भोले०
चारों वेद उचारें बन बन के राजे । ओं हर०

हाथों में कंगन कानों में कुण्डल गल मोतियन माला । भोले०
जटा में गंग विराजे औढ़त मृगछाला । ओं हर०
चौसठ योगन मंगल गावें नृत्य करे भैरो । भोले०
बाजे ताल मृदंगा और बाजें डमरू । ओं हर०
काशी में विश्वनाथ बिराजे नन्दा ब्रह्मचारी । भोले०
नित उठ भोग लगावें शिवजी के दर्शन पावे महिमा अति भारी। ओं हर०
शिव जी की आरती निसदिन जो नर गावे । भोले०
कहत शिवानन्द स्वामी मन मांगा फल पावे । ओं हर०
मात पिता तुम मेरे शरण पड़ूं मैं किसकी । भोले०
तुम बिन और न दूजा आस करूं जिसकी । ओं हर०
पारवती पर्बत में बस रही शंकर कैलाशा । भोले०
आक धतूर के भोजन भस्मी में वासा । ओं हर०

## ❀ उपसंहारः ❀

### अन्तिमकाव्यम् —

(श्री) पूर्णातमानो रसयुगनखे २०४६ वैक्रमे श्रावणे मा
गौरीकुण्डे पथिकसुखदं रम्य हर्म्यं विधाय ।।
कर्कस्थेऽर्के धवल दलभाक् पक्षतौ बुद्धवारे
योगेनान्त्ये जनुभुवि महादेवलोकं प्रपन्नाः ।।